संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, बुधवार, 24 मई 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 17 अंक: 140 पृष्ठ: 10    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मोदीमय हुआ ऑस्ट्रेलिया...

**टीम एक्शन इंडिया/सिडनी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में भारतीय मूल के 20 हजार से ज्यादा लोगों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। हमारे लिए पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता भरोसे और सम्मान पर टिका है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने पिछले दौरे के वक्त 2014 में वादा किया था कि ऑस्ट्रेलिया को फिर किसी भारतीय पीएम के लिए 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा- 'मोदी इज द बॉस'। पहली बार यहां ऑस्ट्रेलिया में किसी प्रधानमंत्री का इतना भव्य स्वागत हुआ है। पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम दोनों देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर रिश्तों को और मजबूत करेंगे। पीएम मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों पर कहा, "एक समय था जब हमारे संबंधों को 3सी (कॉमनवेल्थ, क्रिकेट, करी), 3डी (डेमोक्रेसी, डायसपोरा, दोस्ती) और 3ई (एनर्जी, इकोनॉमी, एजुकेशन) पर आधारित बताया जाता था। मगर अब इन संबंधों का आधार आपसी विश्वास और सम्मान है। हिंद महासागर हमें आपस में जोड़ता है। हमारे यहां त्योहार भले ही अलग-अलग मनाए जाते हैं, लेकिन फिर भी हम दिवाली की रौनक और बैसाखी जैसे त्योहारों से जुड़े हुए हैं। हैरिस पार्क कई लोगों के लिए हरीश पार्क हो जाता है। सिडनी के पास भी लखनऊ नाम की एक जगह है। ऑस्ट्रेलिया में कश्मीर, मालाबार जैसी स्ट्रीट्स से भारत की झलक दिखती है।



## ऑस्ट्रेलिया के सीईओ से मिले पीएम मोदी

**मोदी** ने मंगलवार सुबह ऑस्ट्रेलिया में कई कंपनियों के सीईओ से बात की। इनमें ऑस्ट्रेलिया सुपर के पॉल श्रोडर, फोर्टेस्क्यु फ्यूचर इंडस्ट्रीज क एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. एंड्रयू फॉरेस्ट और हैनकॉक प्रोस्पेक्टिंग की एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जीना रिनेहार्ट शामिल रहीं। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई उद्योगपतियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इससे पहले सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई अखबार को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि वे भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में भी जल्द मान्य होंगीं भारतीय डिग्रियां



**पीएम** मोदी ने भाषण में कई अहम घोषणाएं भी की हैं। उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक-दूसरे की डिग्रियों को मान्यता देने पर बातचीत आगे बढ़ी है। इसका दोनों देशों के स्टूडेंट्स को फायदा मिलेगा। वहीं, ब्रिसबेन में भारत का नया कॉन्सुलेट खोला जाएगा। भारतीय मूल के लोगों से पीएम ने कहा- विदेश में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें। आप वहां भारत के एम्बेसडर हैं। मैं आपसे मांग कर रहा हूं कि आप जब भी भारत आएं अपने साथ ऑस्ट्रेलियाई परिवारों को भी लाएं। इससे उन्हें भारत की संस्कृति को समझने का मौका मिलेगा।

## सिद्धारमैया ही 5 साल सीएम रहेंगे: एमबी पाटिल



**टीम एक्शन इंयिा/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के सीएम सिद्धारमैया की घड़ी देखते डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार। दोनों राजीव गांधी की डेथ एनिवर्सरी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। तस्वीर 21 मई की है। सिद्धारमैया कर्नाटक में 5 साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। राज्य में ढाई-ढाई साल तक सत्ता के समझौते जैसा कोई फॉर्मूला नहीं है। कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस विधायक एमबी पाटिल ने बताया कि ऐसा कोई प्रस्ताव होता तो पार्टी हाईकमान और महासचिव केसी वेणुगोपाल इसकी जानकारी प्रदेश इकाई को जरूर देते। 13 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। कांग्रेस ने 224 सीटों में से 135, बीजेपी ने 66 और जेडीएस ने 19 सीटों पर जीत हासिल की थी। नतीजे आने के बाद कांग्रेस में सीएम पद को लेकर पांच दिन तक मंथन चलता रहा। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच दावेदारी थी। आलाकमान ने सिद्धारमैया को चुना। डीके को सोनिया गांधी ने डिप्टी सीएम के लिए मनाया। 17 मई को सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार राहुल गांधी से मिले थे। खड़गे और राहुल से मिलने के बाद आखिरकार सोनिया गांधी के कहने पर शिवकुमार डिप्टी सीएम पद के लिए माने। 17 मई को सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार राहुल गांधी से मिले थे। खड़गे और राहुल से मिलने के बाद आखिरकार सोनिया गांधी के कहने पर शिवकुमार डिप्टी सीएम पद के लिए माने।

## यूपीएससी सिविल सर्विस का रिजल्ट जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संघ** लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसे यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। इस परीक्षा में टॉप 4 में लड़कियां ही रहीं। इशिता किशोर ने एग्जाम टॉप किया है। दूसरे नंबर पर गरिमा लोहिया, तीसरे स्थान पर उमा हरति एन और चौथे पर स्मृति मिश्रा रहीं। इनके मार्क्स रिजल्ट की घोषणा के लगभग 15 दिन बाद जारी किए जाएंगे। फाइनल रिजल्ट में कुल 933 कैंडिडेट्स का सिलेक्शन हुआ है। इनमें से 345 कैंडिडेट्स सामान्य, 99 ईडब्ल्यूएस, 263 ओबीसी, 154 एससी और 72 एसटी कैटेगरी से हैं। 178 कैंडिडेट्स की रिजर्व लिस्ट भी तैयार की गई है। आईएएस पदों पर चयन के लिए 180 कैंडिडेट्स शॉर्टलिस्ट हुए हैं।

सिलेक्ट किए गए टॉप 10 उम्मीदवारों की लिस्ट



1. इशिता किशोर
2. गरिमा लोहिया
3. उमा हरति एन
4. स्मृति मिश्रा
5. मयूर हजारिका
6. गहना नव्या जेम्स
7. वसीम अहमद
8. अनिरुद्ध यादव
9. कनिका गोयल
10. राहुल श्रीवास्तव

**1011 पदों के लिए निकली भर्ती:** यूपीएससी ने 03 चरणों में सिविल सेवा 2022 के उम्मीदवारों के पर्सनल इंटरव्यू किए थे, जिसका तीसरा और फाइनल फेज 18 मई 2023 को समाप्त हुआ था। यूपीएससी द्वारा घोषित सिविल सेवा मेन 2022 रिजल्ट के अनुसार, सिविल सेवा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2,529 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। यूपीएससी ने सिविल सर्विस सेवा परीक्षा 2022 के तहत आईएएस, आईपीएस सहित 1011 पदों पर भर्ती निकाली है।

## राहुल गांधी ने की अंबाला से चंडीगढ़ तक ट्रक यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सोमवार रात अंबाला से चंडीगढ़ का 50 किमी का सफर ट्रक से तय किया। दरअसल, वे दोपहर को दिल्ली से शिमला के लिए कार से निकले थे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि राहुल ने इस दौरान ट्रक ड्राइवरों से बात की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। राहुल ने ट्रक को सुबह 5:30 बजे अंबाला सिटी के श्री मंजी साहब गुरुद्वारे पर रुकवाया। फिर गुरुद्वारे में माथा टेका। इसके बाद उन्होंने कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी बात की। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। उनके सफर का एक वीडियो कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर शेयर किया।

**मन की बात सुनीं**

**= पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि राहुल ने इस दौरान ट्रक ड्राइवरों से बात की और उनकी समस्याएं भी सुनीं**

## अध्यादेश के विरोध में केजरीवाल को मिला ममता का साथ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) को तृणमूल कांग्रेस का भी समर्थन मिला है। मंगलवार को केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने के लिए समर्थन मांगने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोलकाता में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से मिले। मीटिंग के बाद ममता ने कहा कि हम अध्यादेश का विरोध करेंगे। उन्होंने अन्य दलों से भी केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने को कहा। केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप नेता संजय सिंह, राघव चड्ढा और आतिशी सिंह भी थे। केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर विपक्षी दलों के समर्थन के लिए कैंपेन चला रहे हैं। वे 24 मई को मुंबई जाएंगे। वे यहां उद्धव ठाकरे और एनसीपी चीफ शरद पवार से मिलेंगे।

**कांग्रेस ने किया है आप का**



**समर्थन**

**= ममता ने कहा कि हम अध्यादेश का विरोध करेंगे। अन्य दलों से भी केंद्र के अध्यादेश का विरोध करने को कहा**

**समर्थन:** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को कहा कि संसद के मानसून सत्र में दिल्ली पर केंद्र सरकार के अध्यादेश का कांग्रेस विरोध करेगी। हम आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। 21 मई बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी।



# अनिल खत्री बने भारतीय तैराकी संघ के र्निविरोध उपप्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़**
**हरियाणा** ओलम्पिक संघ के सहसचिव और बहादुरगढ़ के रहने वाले अनिल खत्री स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट चुने गए हैं। चेन्नई में आयोजित चुनाव में अनिल खत्री को निर्विरोध तरीके से स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनिल खत्री के इस पद पर चुने जाने से प्रदेश भर के स्विमिंग खेल के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। बहादुरगढ़ के एचएल सिटी क्षेत्र ऑल वेदर स्विमिंग पूल पर अनिल खत्री का स्विमर, कोच और अभिभावकों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के



नवनिर्वाचित उप प्रधान अनिल खत्री का कहना है कि वह स्विमिंग के खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अब हरियाणा में विदेशी कोच तैराकी के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। न सिर्फ हरियाणा बल्कि देशभर के खिलाड़ियों को निखारने का काम किया जाएगा। अनिल खत्री का कहना है कि स्विमिंग के खेल में खिलाड़ियों के पदक जीतने की अपार संभावनाएं हैं। वे खुद भी इंटरनेशनल स्विमर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मवीर सिंह का भी आभार जताया है। इतना ही नहीं उप प्रधान अनिल खत्री ने भारत सरकार द्वारा स्पोर्ट्स कोड लागू करने की भी सराहना की है।

जिसके तहत खेल फेडरेशन में खिलाड़ियों का 25 प्रतिशत कोटा तय किया गया है। अनिल खत्री ने बताया कि स्पोर्टस कोड की तरह विधानसभा और लोकसभा में भी खिलाड़ियों को प्रतिनिधित्व मिल रहा है जो खेलों के लिए अच्छी बात है। हम आपको बता दें कि अनिल खत्री हरियाणा ओलंपिक संघ के सह सचिव और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव भी हैं। चेन्नई में आयोजित इस चुनाव में तमिलनाडु के आरएन जयप्रकाश स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान चुने गए हैं । तो वहीं गुजरात के मोनल चौकसी को महासचिव का पद मिला है। इस अवसर पर अमित जून, स्विमिंग कोच पदम पाल, जहूर, दिनेश, सुरेश जून, दिनेश खत्री, राजेश सौलधा और तैराकी के खिलाड़ियों ने अनिल खत्री का जोरदार स्वागत किया है और आशा जताई कि आने वाले समय में हरियाणा प्रदेश के तैराक खेलों में उम्दा प्रदर्शन करेंगे।

## 'मंगलवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस'

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

## पार्षद मंजीत कौर ने तीन कालोनियों में पीने के पानी की समस्या को लेकर की बैठक

### ऑपरेटरों को ज्यादा समय तक ट्यूबवैल चलाने के दिये निर्देश, पानी की कही पर भी नहीं होनी चाहिये लीकेज: मंजीत कौर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**वार्ड 24 की** तीन कालोनियों अर्जुन नगर, गोपाल कालोनी व भारत नगर में पिछले कई दिनों से आ रही पीने के पानी की समस्या को लेकर स्थानीय पार्षद मंजीत कौर और पार्षद पति राजपाल हरिनगर ने मंगलवार को भारत नगर काबड़ी रोड पर एसडी स्कूल वाली गली स्थित अपने कार्यालय पर नगर निगम के जेई, अमरूत योजना के सुपरवाईजर व टूयबवैल ऑपरेटरों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में कालोनियों के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। पार्षद मंजीत कौर ने कहा कि इन कालोनियों में जितने भी पीने के पानी के लिये ट्यबवैल लगे हुए है, उनको चलाने के समय को बढ़ाया जाये और यदि कही पर भी पीने के पानी की कोई भी लीकेज है तो उसको तुरंत ठीक किया जाये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की लागत बढ़ जाती है लेकिन वार्ड की किसी भी कालोनी में पीने के पानी की समस्या को नहीं आने दिया जाएगा। वहीं राजपाल हरिनगर ने कहा कि पीने के पानी को व्यर्थ नहीं बहाना है और कही पर भी व्यर्थ में पानी चलता मिले तो उसको बंद कर दिया जाये। इस अवसर पर निगम के जेई अशोक कुमार, अमरूत योजना के सुपरवाईजर नितिन, ट्यूबवैल ऑपरेटर सतपाल, नवीन, पप्पू, विक्रम, कुलदीप, संदीप, संजय, इंद्र व बलवान आदि मौजूद रहे।

> ▶▶ पार्षद मंजीत कौर ने कहा कि इन कालोनियों में जितने भी पीने के पानी के लिये ट्यबवैल लगे हुए है

## बढ़ती गर्मी में स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए सावधानी व बचाव जरूरी: उपायुक्त सिवाच

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी लगातार बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान भी सामान्य से ज्यादा है और आने वाले दिनों में ओर अधिक बढने का अनुमान है। ऐसे में सभी को गर्मी एवं लू से बचाव व सावधानी रखनी जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान ओर बढ़ेगा। ऐसे में सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी व लू के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। ऐसे में गर्मी व लू जानलेवा भी साबित हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। ऐसे में हरियाणा राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में रंग मंच कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा कला परिषद, अम्बाला मंडल व मुरलीधर डी ए वी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के संयुक्त तत्वाधान मे कयह कार्यशाला 23 मई से 6 जून तक होगी कयह कार्यशाला नागेन्द्र शर्मा (अतिरिक्त निर्देशक) हरियाणा कला परिषद, अम्बाला मंडल, पितराम शर्मा (कार्यालय प्रभारी) अम्बाला मंडल के निर्देशन मे आरम्भ हुई कइस कार्यशाला के प्रशिक्षक विक्रम व राजदीप छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे कविद्यालय के



प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने विशेष अतिथियों को ओउम पट पहनाकर स्वागत किया ज्योति प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यशाला का आरम्भ किया गया कडॉ सूरी ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चो मे छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने का अवसर मिलता है और स्टेज पर आने का एक डर जो उसके भीतर होता है वह समाप्त हो जाता है और वह फिर खुलकर अपनी प्रतिभा दिखा सकता है सभी छात्रों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस रंगमंच के अंतर्गत पूरी लगन व परिश्रम से सीखे ताकि ये कार्यशाला लगाने का उद्देश्य सफल हो सके कविद्यालय के संगीत विभाग से श्रीमती मंजीत कौर व दिनेश इसमे सहभागी रहेंगे।

> ▶▶ कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चो मे छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने का अवसर मिलता है

## एस. ए. जैन कॉलेज में दो दिवसीय एजुकेशन फेयर का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
एस.ए. जैन कॉलेज एजुकेशन फेयर के दौरान अलग-अलग स्कूल और कॉलेज के बच्चों ने एजुकेशन फेयर के अंतर्गत प्रदर्शन किया। जिसके अंतर्गत विद्या लक्ष्मी फाउंडेशन की तरफ से एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि हमारे यहां पर सी ए लो एन डी ए कलेट इत्यादि की तैयारी करवाई जाती है। इसी दौरान कुछ बच्चों ने इसके अंतर्गत बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विद्यार्थीलक्ष्मी के मैनेजमेंट टीम की तरफ से सीमा ने इन बच्चों को बताया कि ये कोशिश पहले चंडीगढ़ में करवाए जाते थे। अब ये अंबाला में भी है इसी दौरान जिला युवा



पुरस्कार विजेता राहुल और आनंद ने अपनी कविता के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। जिसके अंतर्गत बच्चों को कविता के माध्यम से एजुकेशन के बारे में बताएं इसी दौरान असीम गोयल जी ने कार्य की सराहना करते हुए कहा की बच्चों के बीच में आप लोग एजुकेशन को लेकर बहुत ही अच्छी भावना प्रकट कर रहे हैं जिसके लिए मैं आपको बहुत शुभकामनाएं।

## शहरी विधायक प्रमोद विज ने गौवंश के लिए गौशालाओं को भेजा हरा चारा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने जीटी रोड स्थित अपने कार्यालय में अपने बड़े भाई स्वर्गीय देवेन्द्र नाथ विज की पुण्यतिथि के मौके पर करीब 200 क्विंटल चारे से भरी 11 ट्रैक्टर ट्रालियों को जिला की विभिन्न गौशालाओं के लिए रवाना किया। इस मौके पर विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज व भाजपा के अनेकों पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि गौसेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है और मान्यता है कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

उन्होंने कहा कि गौशालाओं में जरूरत के अनुसार चारा भेजा गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, प्रीतम गुर्जर, दिवाकर मेहता, सुनील कंसल, वीरेंद्र तनेजा, हरीश कटारिया, सतीश, बलवान सरोहा, मुकेश राजपूत, प्राण रत्नाकर व सुनील सोनी आदि मौजूद रहे।

## गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर सेंट जोसेफ स्कूल ने लगाई छबील

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल में गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में छबील लगाई गई ' जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने दिल से सेवा भाव को निभाते हुए अपना भरपूर योगदान दिया व पूरी श्रद्धा के साथ आने-जाने वाले राहगीरों को छबील पिलाकर उनकी प्यास को तृप्त किया ' स्कूल के सभी विद्यार्थियों को भी छबील पिलाई गई ' इस कार्य में विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापिकाओं ने भी अपना भरपूर योगदान दिया ' स्कूल मैनेजमेंट हर वर्ष इसी प्रकार सेवा निहित कई कार्य करती है तथा अपने जोसफियनस को भी



जनसाधारण की मदद व सेवा करने की सीख देती है ' विद्यालय की डायरैक्टर किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरैक्टर आशिमा किरण बैनर्जी, सीनियर मैनेजर अभिजीत व प्रिंसीपल अमिता सचदेवा ने बच्चों को समाज में सामप्रदायिक सौहार्द की भावना को फैलाने और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि हमेशा नम्रता पूर्वक, सेवा भाव को अपनी जीवनशैली में धारण करना चाहिए।

## ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए किसानों/बेरोजगार युवा 13 तक कर सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया हरियाणा सरकार द्वारा 500 किसानों/बेरोजगार युवाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए की गई बजट घोषणा के अनुपालन में विभाग के पोर्टल ६६६.ॅ१८ल्ल्ॅ.ङ्ग५.ल्ल पर 13 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए वे किसान/बेरोजगार युवा (18-45 वर्ष की आयु) जिनके पास मैट्रिक की न्यूनतम शिक्षा योग्यता है, वैध पासपोर्ट है और सीएचसी/एफपीओ के सदस्य आवेदन करने के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि जिला के 19 किसानों/बेरोजगार युवाओं को निःशुल्क ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण दृश्य द्वारा करनाल में दिया जाएगा।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक अनिल सहरावत ने बताया है कि आवेदनकर्ता का मूल विवरण परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), शैक्षिक योग्यता (प्रमाणपत्र अपलोड करना), पासपोर्ट विवरण (अपलोड करना), संबंधित सीएचसी/एफपीओ द्वारा किए गए कार्य (डीडीए का प्रमाण पत्र अपलोड करना) और कृषि गतिविधियों (एमएफएमबी पंजीकरण और प्रगतिशील किसानों का विवरण) से प्राप्त किया जाएगा।

## भागवत से सारे दोष दूर होते है: अतुल कृष्ण जी महाराज

### सत्य, प्रेम, दया, करुणा, श्रद्धा एवं आस्था के वृक्ष सदैव ही फलते-फूलते देखे गए हैं, जबकि हींसा, वैमनस्य, घृणा, कपट, अज्ञान एवं नास्तिकता का सर्वनाश निश्चित है

**टीम एक्शन इंडिया/काँगड़ा/सोनीपत**
**सारा** जगत परमात्मा से ही आच्छादित है। किसी अन्य तत्व की कोई सत्ता नहीं है। पर जब तक चित्त में अज्ञान की छाया है तब तक घट-घट व्यापी ईश्वर की सत्ता का अनुभव नहीं होता। जिनके नेत्र ज्ञान से निर्मल हो चुके हैं उन्हें वृक्षों-वनस्पतियों में भी भगवान की छाया दिखाई पड़ जाती है। फिर तो देह के पीछे जो आत्मा छिपी है वह भी दिख जाती है। प्रभु में तन्मय दृष्टि जितनी गहरी होती जाती है जगत उतना ही मिटता चला जाता है। उक्त अमृतवचन श्रीमद् भागवत कथा की कलशयात्रा के पश्चात परम श्रद्धेय अतुल कृष्ण जी महाराज ने नैहरन पुखर में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय अनुभव में एक घड़ी ऐसी भी आती



है जब इस जगत में जगत नहीं रह जाता सिर्फ परमात्मा बचता है। वह घड़ी परम आनंद एवं धन्यता की घड़ी होती है। ऐसी शुभ घड़ी के आते ही जीवन की सारी दरिद्रता मिट जाती है। जीवन से विकारमय विष समाप्त होकर अमृत का प्राकट्य हो जाता है। जीव में परमात्मा का अनुभव होते ही प्रेम एवं करुणा की सुगंध सर्वत्र फैलने लगती है। पराए भी अपने लगने लगते हैं। मनुष्य यदि अपने जन्म को सार्थक करना चाहता है तो प्रभु प्रेम से वंचित न रहे। अतुल कृष्ण जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें सारे दोषों से मुक्त कर मानवीय जीवन मूल्यों की फिर से स्थापना करती है। सत्य, प्रेम, दया, करुणा, श्रद्धा एवं आस्था के वृक्ष सदैव ही फलते-फूलते देखे गए हैं। जबकि हींसा, वैमनस्य, घृणा, कपट, अज्ञान एवं नास्तिकता का सर्वनाश निश्चित है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री भागवत जी की शोभायात्रा निकाली जो नैहरन पुखर से कालेश्वर, पंचतीर्थी, सदवां, गरली, प्रागपुर होते हुए कथास्थल तक आई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री अमर नाथ शर्मा, विनोद कालिया, मनोज शर्मा, अनीश, शिवाय, मनीष, रेयान, निधि शर्मा, सुलोचना देवी, निर्मला देवी, रितु, ममता, नीतू, कमलेश, कांता, आशा देवी, ज्योति, मनोरमा, अंचल, स्वाति, मीना, रीना, नीलू, सावित्री, अंशु, भव्या, श्रुति इत्यादि उपस्थित रहे।

> ▶▶ अतुल कृष्ण जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें सारे दोषों से मुक्त कर मानवीय जीवन मूल्यों की फिर से स्थापना करती है

## 'हिसार: शहर में खुले में नहीं बिकेगा मीट, 15 दिन में चालू होगा स्लॉटर हाउस'

### ढंडूर स्थित गो अभ्यारण में पौधारोपण किया जाएगा व शहरवासियों के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
मेयर गौतम सरदाना ने कहा है कि शहर में अब खुले में मीट नहीं बिकेगा। अगले 15 दिनों में स्लॉटर हाउस चालू हो जाएगा, जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि स्लॉटर हाउस के बाद शहर में कहीं भी खुले में मीट काटने का कार्य नहीं होना चाहिए। मीट बेचने का कार्य गेट लगाकर करें। उन्होंने अधिकारियों को मीट मार्केट बनाने के लिए जगह तलाशने के भी निर्देश दिए। मेयर गौतम सरदाना मंगलवार को मेरी लाइफ मेरा स्वस्थ शहर के तहत नगर निगम के मुख्य सभागार में बैठक ले रहे थे। बैठक में निगम आयुक्त प्रदीप दहिया, पार्षद



अनिल जैन, पार्षद उमेश खन्ना, पार्षद प्रीतम सैनी, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त बेलिना, एमई सुनील लांबा, जेई रित्विक, सीएसआई जयवीर सिंह, सीटीएल जसवीर आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान बताया गया कि आवासीय एवं शहरी कार्यालय भारत सरकार द्वारा मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान लांच किया जाएगा। आरआरआर सेंटर स्थापित किए जाने हैं। नगर निगम के समुदायिक केंद्र, लाइब्रेरी व एमआरएफ सेंटर होंगे। इसमें शहर वासी पुराने कपड़े, पुराने जूते, पुरानी, जुराबें बच्चों के खिलौने, अनुपयोगी वस्तुओं को इकट्ठा किया जाएगा। मेयर ने बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें ढंडूर स्थित गो अभ्यारण में पौधारोपण किया जाएगा व शहरवासियों के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी।

> ▶▶ शहर वासी पुराने कपड़े, पुराने जूते, पुरानी, जुराबें बच्चों के खिलौने, अनुपयोगी वस्तुओं को इकट्ठा किया जाएगा

## हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब सोनीपत के संजीव कौशिक बने जिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत शहर में हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब की और से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रिंट व इलैक्ट्रोनिकस मिडिया से जुडे पत्रकारों ने बढचढ कर भाग लिया। इस दौरान पत्रकारों ने सर्वसम्मति से वरिष्ट पत्रकार संजीव कौशिक को हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब सोनीपत इकाई का जिला प्रधान चुना और फूल मालाओं से नवनियुक्त जिला प्रधान का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष राकेश देव, उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, महासचिव राजेन्द्र सिहं, कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा व कोर्डिनेटर हरेन्द्र स्वामी ने नवनियुक्त जिला प्रधान को बधाई दी और कहा कि हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब



पूरें प्रदेश के पत्रकारों को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहा है और पत्रकारों की मांगों को उठाकर हमेशा उनके हित के लिए कार्य कर रहा है। हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब के जिला सोनीपत नव नियुक्त प्रधान संजीव कौशिक ने कहा कि जो जिम्मेदार प्रदेश अध्यक्ष व पत्रकारों ने उन्हे सौपी है वो उसे पूरी ईमानदारी से निभाएगे और पत्रकारों के हित के लिए हर संभव प्रयास करने के साथ-साथ 24 घंटे उनके साथ खडे रहेगें। उन्होने कहा कि जिला सोनीपत के पत्रकारों की मांगों को भी हरियाणा मीडिया वेलफेयर कल्ब के माध्यम से सरकार तक पहुंचाकर उन्हे पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मोके पर सोनीपत के वरिष्ट पत्रकार पवन बंसल, डा. डीएल मल्होत्रा, वरिष्ट पत्रकार रोशनलाल, राम सिहंमार, उमेश, मा.सुनील छिक्कारा, सुनील छिक्कारा, सन्नी,राहुल सैनी, दीपक कामी,संजीव घणघस, नीरज आंतिल आदि अनेक पत्रकार मौजूद थें।

# इंडिया गेट पर रेसलर्स ने निकाला कैंडल मार्च

## तिरंगा लेकर समर्थकों संग सड़क पर उतरे पहलवान; बोले- पुलिस ने इंडिया गेट खाली कराया

**विरोध प्रदर्शन**

● मार्च को देखते हुए पुलिस ने इंडिया गेट को खाली करा दिया, ताकि लोग उनके समर्थन में हिस्सा न ले सकें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने का 1 महीना पूरा हो गया है। बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में पहलवानों ने इंडिया गेट पर मार्च निकाला। इसमें तिरंगा लेकर लोग शामिल हुए। पहलवानों ने आरोप लगाया कि उनके मार्च को देखते हुए पुलिस ने इंडिया गेट को खाली करा दिया, ताकि लोग उनके समर्थन में हिस्सा न ले सकें।

**बृजभूषण ने कहा- मामला गुड टच- बैड टच का, बजरंग की कुश्ती खत्म हो चुकी:** वहीं, बृजभूषण ने कहा, 'मैं उनसे मिलने कभी नहीं जाऊंगा। पहले वे मेरे पैर छूते थे और अब धरना देते हैं। वे षड़यंत्र के शिकार हैं। यह मामला यौन शोषण का नहीं, बल्कि गुड टच-बैड टच का है। बजरंग पूनिया की कुश्ती तो खत्म हो चुकी है।' जवाब में विनेश फोगाट ने कहा कि उनके भी घर में मां-बेटियां और महिलाएं हैं। बृजभूषण ने कहा- क्या एफआईआर को फाइनल मान लिया जाएगा, क्या जांच एजेंसी अपना काम बंद कर दें। क्या उसी को चार्जशीट मान लिया जाए।

### 'ये मुकदमा छुआछूत का है, सही छुआ या गलत छुआ'

**बृजभूषण** ने मंगलवार को यूपी के मऊ में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह में कार्यक्रम में कहा, 'ये मुकदमा छुआछूत का है। सही छुआ या गलत छुआ। छुआछूत का रोग लेकर देवियां (महिला पहलवान) आ गई हैं। जो पहलवान प्रदर्शन कर रहे हैं, वे आज तक नहीं बता पाए कि कब हुआ, कहां हुआ, क्या- क्या हुआ, कैसे- कैसे हुआ।' उन्होंने कहा, 'कल खाप पंचायत हुई थी, उसमें यह तय हुआ कि सांसद जी का नार्को टेस्ट करा लिया जाए। शाम को मैंने बोल दिया कि मेरा नार्को करा लिया जाए, साथ ही आरोप लगाने वाली खिलाड़ियों का भी नार्को टेस्ट कराया जाए। ताकि षड्यंत्रकारियों का पता लगाया जा सके। ये जो मुकदमा है, वह बैड टच और गुड टच का है। ये छुआछूत का मुकदमा है।

**पहलवानों ने नार्को टेस्ट की चुनौती भी स्वीकारी:** बृजभूषण की नार्को टेस्ट की चुनौती को रेसलर्स ने सोमवार को स्वीकार कर लिया था। बजरंग पूनिया ने कहा कि हम सभी किसी भी टेस्ट के लिए तैयार हैं, लेकिन इसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराया जाए। नार्को टेस्ट लाइव हो ताकि सवाल और जवाबों को पूरा देश सुने।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन को बड़ी राहत

**पुख्ता सबूत**

● कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को बड़ी राहत देते हुए विदेश जाने की अनुमति दे दी है

**टीम एक्शन इंयिा/नई दिल्ली**

**ठग सुकेश** चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट पेश हुईं। इस दौरान कोर्ट ने अभिनेत्री को बड़ी राहत देते हुए विदेश जाने की अनुमति दे दी है। वह 25 से 27 मई अबूधाबी और 28 मई से 12 जून तक इटली की यात्रा कर सकेंगी। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी चार्जशीट में सुकेश चंद्रशेखर के अलावा जैकलीन फर्नांडिस को आरोपी बनाया है। इससे पहले ईडी इस केस के सिलसिले में जैकलीन से कई बार पूछताछ कर चुकी है। सुकेश चंद्रशेखर पर आरोप है कि उसने जेल में रहते हुए कारोबारी की पत्नी से 200 करोड़ रुपये की वसूली की। एजेंसी के पास पुख्ता सबूत हैं कि इन पैसों से जैकलीन फर्नांडिस को भी फायदा पहुंचाया गया है। सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन फर्नांडिस को जो करोड़ों रुपये के गिफ्ट दिए थे उसे भी ईडी जब्त कर चुकी है।



जंतर मंतर पर चिलचिलाती धूप में पहलवान साक्षी मलिक को आशीर्वाद देते बुजुर्ग।

## भगोड़ा घोषित बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र से पुलिस ने वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। उसकी पहचान मोहम्मद हनीफ के रूप में हुई है, जो पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद का रहने वाला है। डीसीपी मनोज सी ने मंगलवार को बताया की आरोपित के ऊपर नारायणा थाना में तीन साल पहले आईपीसी की धारा 188/269 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह मामले में यह फरार चल रहा था और पुलिस की आंख में धूल झोंककर अपना ठिकाना बदलता रहता था। एसएचओ दिल्ली कैंट की देखरेख में चौकी सुब्रतो पार्क के इंचार्ज हंसराज, हेड कांस्टेबल आकाश यादव की टीम ने जानकारी इकट्ठा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली पुलिस ने सिसोदिया से बदसलूकी की: आप

## मीडिया से मनीष ने पीएम को अहंकारी कहा, तो पुलिस ने कॉलर पकड़कर खींचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली पुलिस पर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने मंगलवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडियो शेयर किया, जिसमें राउज एवेन्यू कोर्ट के अंदर पुलिस सिसोदिया को लेकर जाती दिख रही है। इसी दौरान मीडियाकर्मी सिसोदिया से केंद्र के अध्यादेश को लेकर सवाल पूछने लगते हैं। सिसोदिया इसके जवाब में कहते हैं कि प्रधानमंत्री में अहंकार आ गया है। उनके इतना कहते ही पुलिस ने उन्हें आगे बोलने से रोक दिया और गर्दन के पीछे से कॉलर पकड़कर खींचकर ले गई।

इस वीडियो के कैप्शन में आप ने लिखा- दिल्ली पुलिस और नरेंद्र मोदी को शर्म आनी चाहिए। दिल्ली पुलिस की मनीष सिसोदिया के साथ ऐसा दुर्व्यवहार करने की हिम्मत कैसे हुई? मोदी आपकी तानाशाही पूरा देश देख रहा है। इसके कुछ देर बाद पार्टी का ट्विटर अकाउंट सस्पेंड हो गया। हालांकि बाद में अकाउंट बहाल हो गया।



**आप ने सुकेश का वीडियो शेयर कर कहा- ठग को बोलने की आजादी:** आम आदमी पार्टी ने महाठग सुकेश चंद्रशेखर का वीडियो शेयर करके पुलिस पर सवाल उठाया।

इस वीडियो में पुलिस सुकेश को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही है। इस दौरान सुकेश मीडिया के सामने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाता है, लेकिन पुलिस उसे बोलने से नहीं रोकती है। आप ने कहा कि सबसे बड़े ठग को हिरासत में बयान देने की खुली छूट है, लेकिन सिसोदिया ने हिरासत में बयान दिया तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

**पुलिस बोली- हमने नियमों के तहत काम किया:** आप की तरफ से आरोप लगाए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा- राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के समय मनीष सिसोदिया के साथ पुलिस दुर्व्यवहार की बात दुष्प्रचार है। वीडियो में पुलिस का जो एक्शन दिखाई दे रहा है, वह सुरक्षा के लिहाज से जरूरी था।

# दिल्ली में लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म

**केस दर्ज**

● दक्षिणी दिल्ली के टिगरी एरिया में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ कई बार रेप की घटना को अंजाम दिया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** चाणक्यपुरी में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दक्षिणी दिल्ली के टिगरी एरिया में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ कई बार दुषर्क की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लड़की के साथ एक 21 साल के युवक ने दुष्कर्म किया है।

**थाने में शिकायत देकर दुष्कर्म का लगाया आरोप:** पुलिस के अनुसार, टिगरी पुलिस स्टेशन में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, चाणक्यपुरी की रहने वाले लड़की ने टिगरी के जेजे कॉलोनी के रहने वाले प्रदीप पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया।

अपनी शिकायत में उसने बताया कि 14 अप्रैल 2021 में बाबू धाम पेट्रोल पंप के पास प्रदीप के साथ उसकी मुलाकात हुई। उसके बाद वे दोस्त बन गए।

**किसी को न बताने की दी धमकी:** इसी साल 11 मार्च को प्रदीप ने उसके मोबाइल फोन पर कॉल किया और जेजे कॉलोनी में अपने घर पर मिलने के लिए कहा। जब वह वहां पर गई, तो आरोपित ने उसके दुष्कर्म किया और किसी से न बताने की धमकी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 21 मार्च को उसने लड़की के साथ दोबारा दुष्कर्म किया।

# पांडव नगर में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पूर्वी** दिल्ली के पाण्डव नगर में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक 50 वर्षीय रिक्शा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को आरोपित की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

**बिहार का रहने वाला है आरोपित:** पुलिस ने बताया कि आरोपित की पहचान बिहार के उपेंद्र मुखिया के रूप में हुई। वह झुग्गी बस्ती में रहता है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सोमवार को 13 वर्षीय लड़की बाहर कूड़ा फेंकने गई थी। उसी समय आरोपित ने उसे अपने कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लड़की ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई। इसके बाद उन्होंने उसी रात मामले में पुलिको सूचना दी। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने कहा कि आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।



कमरा छोड़ने की तैयारी में था आरोपितः आरोपित को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया, जब वह कमरा छोड़ने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने जानकारी दी कि पीड़िता का अस्पताल में मेडिकल हुआ और उसकी काउंसलिंग भी की हुई।

नौकरी दिलाने के बहाने बनाया शिकार नौकरी दिलाने के बहाने दिल्ली से गुरुग्राम लाकर एक युवती के साथ दुष्कर्म किया गया।

### युवती के साथ दुष्कर्म किया गया...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गुरुग्राम**

**नौकरी** दिलाने के बहाने दिल्ली से गुरुग्राम लाकर एक युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपित ने उसे नशीला पदार्थ मिला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर वारदात को अंजाम दिया। उसने वीडियो भी बनाया। साथ ही पीड़िता को पुलिस में शिकायत देने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर डीएलफ फेस एक पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नौकरी की तलाश में थी युवती:** पुलिस को दी शिकायत में 30 वर्षीय दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने बताया कि उसकी दोस्ती पांच महीने पहले फोन पर अमित नाम के व्यक्ति से हुई थी। अमित ने अपने आप को गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत बताया था।

# 2000 के नोट को बदलने से जुड़ी याचिका का आरबीआई ने किया विरोध



**जनहित याचिका**

● सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में कहा है कि अदालतों को नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिना** फार्म और पहचान प्रमाण के दो हजार रुपये के नोट बदलने की अनुमति के खिलाफ दायर जनहित याचिका का भारतीय रिजर्व बैंक ने दिल्ली हाईकोर्ट में विरोध किया। आरबीआई की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता पराग त्रिपाठी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिका को भारी जुर्माना लगाते हुए खारिज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में कहा है कि अदालतों को नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

आरबीआई की दलील सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा व न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि अदालत उचित निर्णय पारित करेगी। वहीं, याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर कर कहा कि आरबीआई व भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) द्वारा जारी अधिसूचनाएं मनमाना, तर्कहीन होने के साथ ही संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करती हैं।

याचिका में यह भी कहा कि बड़ी मात्रा में दो हजार की नोट या तो लोगों की तिजोरी पहुंच गई है या फिर अलगाववादियों, आतंकवादियों, माओवादियों, ड्रग तस्करों, खनन माफियाओं और भ्रष्ट लोगों द्वारा जमा की गई हैं।

**सितंबर के बाद भी वैध बने रहेंगे 2,000 के नोट:** आरबीआई गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास के बयान के बाद भी 2,000 रुपये के नोटों का भविष्य 30 सितंबर के बाद क्या होगा, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। एक तरफ तो उन्होंने कहा है कि 30 सितंबर के बाद इन नोटों की वैधानिकता जारी रहेगी, वहीं यह भी कहा है कि 30 सितंबर तक क्या स्थिति रहती है, उसको ध्यान में रखकर आगे फैसला किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का विकल्प खुला रखा है कि निर्धारित अवधि (30 सितंबर) के बाद भी 2,000 रुपये के नोटों को लौटाने की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

# दिल्ली हाईकोर्ट से आप को झटका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई**कोर्ट ने मंगलवार को एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) के छह स्थायी सदस्यों का चुनाव दोबारा कराने के मेयर शैली ओबरॉय के निर्णय को रद्द कर दिया है।

भाजपा पार्षद शिखा व कमलजीत सेहरावत ने मेयर के 24 फरवरी के निर्णय को अदालत में चुनौती दी थी। गौरतलब है कि इससे पहले 24 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम की स्थायी समिति के छह सदस्यों के फिर से चुनाव कराने को चुनौती देने वाली याचिका पर मेयर से जवाब दाखिल करने के लिए कहा था। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेयर शैली ओबरॉय को तीन दिन में जवाब दाखिल करने का वक्त देते हुए 3 मई के लिए सुनवाई स्थगित कर दी थी। वहीं, मेयर के वकील ने मामले में दाखिल जवाब को वापस लेने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता पार्षद शिखा रॉय और कमलजीत सहरावत के वकील ने इस अनुरोध का विरोध करते हुए कहा था कि यह स्थायी समिति के गठन को रोकने का प्रयास है, जबकि ये एमसीडी के संचालन के लिए बहुत **जरूरी है।**

**क्यों महत्वपूर्ण है स्थायी समिति?**

एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर के अलावा स्थायी समिति के पास भी शक्तियां होती हैं। स्थायी समिति नगर निगम के अहम फैसले लेने वाली संस्था है। स्थायी समिति निगम की नीति और वित्तीय फैसलों पर कंट्रोल रखती है और स्थायी समिति का अध्यक्ष का पद ही नगर निगम का सबसे शक्तिशाली पद होता है। इसलिए समिति के अध्यक्ष पद पर दोनों ही पार्टी (आप और भाजपा) अपना कब्जा जमाना चाहती थीं। इसके चलते सदन में खूब हंगामा भी हुआ। अध्यक्ष पद पर कब्जा करने के लिए पार्टियों को पहले समिति के सदस्यों का चुनाव जीतना जरूरी होता है।

## तीन साल से फरार चल रही महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

द्वारका जिले की जेल बेल सेल ने तीन साल पुराने मामले में फरार चल रही वांछित महिला को गिरफ्तार कर लिया। वह मटियाला गांव की रहने वाली है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान सोनी उर्फ सोनिया के रूप में हुई है। वह मटियाला गांव की रहने वाली है। इसे द्वारका कोर्ट ने इसी साल भगोड़ा घोषित कर रखा था। यह लगातार पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल रही थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए जेल बेल सेल की टीम को लगाया गया था।

# शौकीन प्रेमिका के लिए करते थे स्कूटी चोरी, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

द्वारका जिले के एएटीएस की टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपित स्कूटी पर घूमने की शौकीन प्रेमिका को प्रभावित करने के लिए स्कूटी चोरी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गोलू कुमार और मोहम्मद इरफान के रूप में हुई है। यह दोनों बिंदापुर और सीतापुरी इलाके के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से डाबड़ी थाना के दो मामलों का पुलिस ने खुलासा किया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मंगलवार को बताया की हाल के दिनों में हुई स्कूटी चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए एएटीएस की टीम को लगाया गया था। इस टीम ने वारदात वाली जगह से सीसीटीवी फुटेज को चेक किया और फिर उसके आधार पर जांच शुरू की। जिसमें पुलिस को इन दोनों के बारे में सूचना मिल गई। उसी सूचना के आधार पर एसीपी राम अवतार की देखरेख में पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर इन्हें पकड़ा। इनकी पहचान हुई और फिर इनकी निशानदेही पर एक और स्कूटी बरामद की गई।

# लूटपाट के मामले में पिछले आठ साल से था फरार, हुआ गिरफ्तार

## जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित तीसरी कक्षा तक पढ़ा है। छोटा-मोटा काम करने के दौरान वह बुरी संगत का शिकार हो गया

**शिकंजा**

● पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहित (28) के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले से 69 आपराधिक मामले दर्ज हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विवेक** विहार इलाके में लूटपाट के एक मामले में पिछले आठ साल से फरार चल रहे एक आरोपित को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहित (28) के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले से 69 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जेल से बाहर आने के बाद आरोपित लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा था। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने मंगलवार को बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि लूटपाट के मामले में शामिल भगोड़ा बदमाश विश्वास नगर के नजदीक हेडगेवार अस्पताल के पास आने वाला है। सूचना के बाद फौरन एक टीम का गठन किया गया।

बाद में आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वर्ष 2015 में उसने एक महिला से बैग लूटा था, लेकिन पब्लिक ने उसे पकड़ लिया था। पिटाई लगाने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपित दोबारा कोर्ट नहीं पहुंचा। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस के अलावा दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा आरोपित की तलाश करते रहे।



जेल से बाहर आने के बाद आरोपित लगातार चोरी, लूटपाट समेत दूसरी वारदातों में शामिल रहा है। आरोपित को फर्श बाजार थाने का घोषित बदमाश है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित तीसरी कक्षा तक पढ़ा है। छोटा-मोटा काम करने के दौरान वह बुरी संगत का शिकार हो गया। बाद में वह नशा करने लगा। नशे की लत पूरी करने के लिए वह झपटमारी और लूटपाट करने लगा। पुलिस पकड़े गए आरोपित रोहित से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश का कांग्रेस नेता माकन ने किया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता अजय माकन ने दिल्ली में उपराज्यपाल को अफसरों को स्थानांतरित और पदस्थापित करने का अंतिम अधिकार देने से जुड़े अध्यादेश का समर्थन किया है। मामले में उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने पूछा है कि उनके पहले के मुख्यमंत्री अपना दायित्व निभा सकते हैं तो केजरीवाल इतनी अव्यवस्था क्यों फैला रहे हैं। केन्द्र सरकार और दिल्ली में मंत्री रहे माकन ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस का केजरीवाल का समर्थन करना और अध्यादेश का विरोध करना अनिवार्य रूप से पंडित नेहरू, बाबासाहेब आम्बेडकर, सरदार पटेल, लाल बहादुर शास्त्री और नरसिम्हा राव के नैसर्गिक विवेक और निर्णयों के विरुद्ध खड़े होने जैसा होगा।



अजय माकन ने ट्वीट पर एक लेख के माध्यम से प्रशासनिक, राजनीतिक और कानूनी पहलुओं से केजरीवाल के अध्यादेश के विरोध और कांग्रेस से समर्थन की मांग को गलत बताया है। उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी कांग्रेस के खिलाफ काम कर रही है। वहीं पार्टी केन्द्र की भाजपा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर समर्थन देती आई है।

## न्यूज फ्लैश

### श्री श्याम बाला जी सेवा संघ ने भंडारा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**श्री श्याम** बाला जी सेवा संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा मोहन नगर के खेड़ा मंदिर में तीसरा श्री श्याम ताली कीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम सेवक दिनेश गोयल ने बताया कि बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रभु के सेवकों ने पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल ने श्याम जी के भजनों के साथ साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए। सच्चा है दरबार तुम्हारा, संकट काटो श्याम हमारा..., तू आजा एक बार,होके लीले पे सवार..., खाटू की गलियों में गूंज रहा जयकारा...और वीर हनुमाना अति बलवाना.. इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। दिनेश गोयल ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु एवं बाला जी प्रचार प्रसार करना है। संघ द्वारा तीसरी खाटू श्याम दर्शन यात्रा 9-10 जून को आयोजित की जाएगी। श्याम आरती में पुजारी दिनेश अवस्थी,अजय शर्मा, संजय गर्ग, अशोक गर्ग,दिवाकर बंसल, प्रदीप बंसल,उमेश,दीपक चंद, संजय सैनी, रामपाल सैनी, पारस सरदाना,रीटा गोयल, रजनी अवस्थी, दीक्षा, निशा सैनी,पूनम,रेखा,अविनाश,सुषमा,गुड्डी और रजनी आदि शामिल रहे।

### खैरी स्कूल के छात्र चिमानंद ने सुपर- 100 की परीक्षा पास करके किया विद्यालय का नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र ।हरियाणा** विद्यालय शिक्षा विभाग एवं विकल्प फाउंडेशन रेवाड़ी द्वारा सुपर 100, 2022 का परिणाम घोषित। इस परीक्षा को राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी के छात्र चिमानंद ने पास करके विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रधानाचार्य दया सिहं स्वामी ने इसका श्रेय अध्यापकों के मार्गदर्शन एवं चिमानंद की मेहनत को दिया है। स्वामी ने बताया शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही इस योजना से बच्चों को आगामी दो वर्ष विकल्प फाउंडेशन द्वारा जे. ई. मेंज, नीट व एन, डी. ए. की कोचिंग निशुल्क दी जाएगी। इसके रहन सहन कापी किताबों का खर्च भी सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। दया सिंह स्वामी ने बताया सुपर 100 परीक्षा के लिए विद्यालय में विज्ञान संकाय के अध्यापकों जसविंद्र सिहं, पूनम, डींपल, प्रमोद बंसल, पवन कुमार व देवेन्द्र द्वारा बच्चों को विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्होंने बताया गत वर्ष भी विद्यालय के एक छात्र ग्रेट काली ने इस परीक्षा को पास किया था जो विकल्प फाउंडेशन रेवाड़ी में कोचिंग ले रहा है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम पूनीया, खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर व ग्राम सरपंच नीतू सैणी व ए. एम. सी. प्रधान सुनीता ने खुशी जाहिर की है एवं इसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य दया सिहं स्वामी की प्रेरणा व कुशल मार्गदर्शन को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सचिव अनिल, वंदना, संगीता, मोनिका, इंद्र जीत, राजीव नंबरदार सतीश, बलिंद्र व रणबीर उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर चालक ने होमगार्ड पर लगाया लूट का आरोप, दी तहरीर

**मथुराः शराब** के नशे धुत होमगार्ड ने रात के अंधेरे में बर्दी को शर्मशार कर दिया। पानीगांव मार्ग से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक से मारपीट कर पैसे छीन लिए। पीड़ित ने नामजद के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। तेहरा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक नानक चंद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर रविवार की रात को करीब 11 बजे पानी गांव की ओर से 100 सैया अस्पताल की तरफ जा रहा था। तभी पवन हंस हेलीपैड के समीप शराब के नशे में होमगार्ड लोकेश दुबे कंधे पर यूपी पुलिस लिखी वर्दी में ट्रैक्टर को रोककर रिश्वत मांगने लगा। विरोध करने पर होमगार्ड ने अपने साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया। ट्रैक्टर चालक ने घटना की सूचना पीआरबी को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले होमगार्ड व अल्टो कार में आए उसके आधा दर्जन साथियों ने ट्रैक्टर चालक नानक चंद के साथ मारपीट कर उसकी जेब में रखे करीब 15 से 20 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित का आरोप है, कि मौके पर पहुंची पीआरवी ने होमगार्ड के सोल्डर पर उत्तर प्रदेश पुलिस लिखे पीतल के बेज उतरवा कर अंधेरे में सड़क किनारे फेंक दिए। वृंदावन कोतवाली में तैनात होमगार्ड लोकेश दुबे अपने शराब पीने की लत व आए दिन आम लोगों से मारपीट करने के चलते चचाओं में रहता हैं।

# आश्रम में साधु की हत्या, बेड पर खून से लथपथ मिला शव

## एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षक, फोरेंसिक ने मौके से लिए नमूने

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**
**नंदगांव रोड स्थित** गांव जाब के समीप बने एक आश्रम में साधु की हत्या के मामले से सनसनी फैल गयी। साधु का शव बैड पर ही लहु-लुहान हालत में मिला, उसके सिर पर ईंट से बार किया गया था। पुलिस ने खून से सनी हुई ईंट को बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है।



गांव जाब के समीप प्रहलाद अखाड़े के पास बने आश्रम में साधु हरिदास निवासी मस्जिद मोठ, दिल्ली उम्र 60 वर्ष काफी समय से रहते थे। मंगलवार की सुबह जब लोग उधर से गुजरे तो आश्रम में साधु हरिदास का खून से लथपथ शव मिला। ग्रामीणों इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बताया कि साधु की संभवतः हत्या की गयी है। उसके सिर में चोट के निशान है। वहां पर ईंट के टुकडे भी मिले हैं। माना जा रहा है कि हत्यारोपियों ने सोते हुए साधु पर हमला कर हत्या की होगी। घटना की जानकारी होते ही आसपास के गांवों के लोग भी मौके पर पहुंच गये। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल मौका मुआयना किया। घटना के बाद फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। उसने घटना स्थल से कुछ साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि साधु की हत्या की गयी है। परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

> 8 माना जा रहा है कि हत्यारोपियों ने सोते हुए साधु पर हमला कर हत्या की होगी

### आर्य वीर दल का शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर आज से

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत में सार्वदेशिक आर्य वीर दल का शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 24 मई बुधवार से 28 मई 2023 रविवार तक गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी के आशीर्वाद से लगाया जा रहा है। ये जानकारी प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए दी उन्होंने कहा कि शिविर में पावन सान्निध्य डॉ राजेंद्र विद्यालंकार ओएसडी महामहिम राज्यपाल गुजरात का प्राप्त होगा इस शिविर का उद्घाटन 24 मई 2023 बुधवार को सायं 4:00 आर्य नेता आर्य रणदीप कादियान प्रधान आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत ध्वजारोहण के साथ करेंगे शिविर में विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जागलान एवं उप प्रधान रवि अहलावत बच्चों को संबोधित करेंगे विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री मेहताब मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण जैसे लाठी स्तूप आसन व्यायाम दंड बैठक आदि का प्रशिक्षण प्रवीण आर्य अनिल आर्य एवं महावीर आर्य करेंगे शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के उपप्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा करेंगे सम्मानित अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक उपस्थित रहकर सभी बच्चों को मार्गदर्शन करेंगे इस शिविर में 150 बच्चे भाग लेंगे यह शिविर पूर्ण रूप से 5 दिन के लिए आवासीय रूप में रहेगा बच्चे रात्रि विश्राम भी शिविर के अंतर्गत ही करेंगे यह शिविर सर्वथा निशुल्क है और इस शिविर में सभी बच्चों को राष्ट्रभक्ति वेद भक्ति सभ्यता और संस्कृति एवं अपने प्राचीन ग्रंथों के विषय में जानकारी दी जाएगी।

### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल ने गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगाई मीठे छबील

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक**
**किड्जी** और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 में श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर छबील लगाई गई । श्री गुरु अर्जुन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे । उन्होंने अमृतसर में श्री हरमिंदर साहिब गुरुद्वारे की नीव रखवाई जो आज स्वर्ण मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है । उन्होंने ही भाई गुरदास सिंह जी के साथ मिलकर 'गुरु ग्रंथ साहब' का संपादन कार्य पूर्ण किया । उनका पूरा जीवन मानव सेवा को समर्पित रहा है । वे दया और करुणा के सागर थे। श्री अर्जुन देव जी ने तेरा किया मीठा लागे हरि नाम पदार्थ नानके मागे' शब्द का उच्चारण करते हुए 1606 में अमर शहीदी प्राप्त की थी ।इस प्रकार स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए । आध्यात्मिक जगत में श्री गुरु अर्जुन जी को प्रथम स्थान प्राप्त था । इसीलिए हमें भी अपने जीवन में धार्मिक सद्भावना को अपनाते हुए रूढ़ियों और आडंबर से दूर रहना चाहिए ।किडजी और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के सभी विद्यार्थियों ,अध्यापक-अध्यापिकाओं, स्कूल वाहन चालकों- परिचालकों, परिचायक और परिचायिकायों ने छबील के प्रसाद को ग्रहण किया।



### डैंपियर पार्क में मिला नेपाली युवक का शव

**मथुराः शहर कोतवाली** इलाके के भगत सिंह पार्क में सुबह डैंपियर पार्क में नेपाली युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। पार्क में शव मिलने की सूचना से हडकंप मच गया। लोगों को घटना की जानकारी उस समय हुई जब वह सुबह पार्क में टहलने के लिए निकले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास ही एक बैग रखा हुआ था। नेपाल के रहने वाले 50 वर्षीय नयन बहादुर पाटला एक वर्ष पहले भारत आए थे। नयन मथुरा में यहां वहां चैकीदारी करने लगा। कुछ दिन पहले तक नयन राया कस्बे में चैकीदारी कर रहा था। कुछ दिन से नयन राया से छोड़कर मथुरा आ गया और यहां बाजारों में चैकीदारी शुरू कर दी।

### अभाविप के छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**अभाविप मथुरा** जिला के नौ दिवसीय छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का सुभारम्भ सोमवार को श्री गिर्राज महाराज डिग्री कॉलेज के सभागार में हुआ। जिलेभर से लगभग 100 छात्राओं ने शिविर में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभाविप छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं सामाजिक कुरूतियो से लड़ने में सक्षम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। मुख्य वक्ता एवं अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य नीति शर्मा ने छात्राओं के समक्ष अभाविप की भूमिका रखते हुए कहा कि 1949 से ही अभाविप निरंतर समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करते आ रही है। उन्होंने कहा कि मिशन साहसी के तहत अभाविप ने लाखों छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। अभाविप तहसील सह संयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक भावना शर्मा ने शिविर की रूप रेखा से परिचित कराते हुए बताया कि इस नौ दिवसीय शिविर में छात्राओं को नृत्य, मेंहदी, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, जूडो कराटे एवं पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि अनुराधा गौतम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के सम्मुख अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज, जिला विस्तारक गौरव यादव, महानगर मंत्री निशांत ठाकुर, निशा निषाद, नयन शर्मा, हर्ष चैधरी, मंजीत ठाकुर, दीपक, यामिनी, स्नेहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख मंजू दलाल, संचालन गरिमा शर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन भावना शर्मा ने किया।

## जिले को हरा-भरा बनाने में रिफाईनरी स्थित रबड़ प्लांट भी करेगा सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, डीसी वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में इंडियन सैंथंटिक रबड़ प्राईवेट लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक मुकेश शर्मा एवं चीफ मैनेजर सुमेश रजक के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीसी ने रबड़ प्लांट के अधिकारियों से पौधारोपण कार्य में भागीदारी निभाना एवं शहर के सौदंर्यकरण तथा अन्य सामाजिक उदारता के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान रबड़ प्लांट के अधिकारियों ने डीसी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे सीएसआर के तहत असंध रोड़ पुलिस नाके से लेकर रिफाईनरी तक नहर बाईपास पर सोलर ऊर्जा की लाईटें लगावएंगे। उन्होंने कहा कि रबड़ प्लांट की तरफ से यह कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस कार्य से सौदंर्यकरण के साथ-साथ सडक दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इसी कड़ी में रबड़ प्लांट की तरफ से अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण अभियान में भी बढ़-चढकर भाग लिया जाएगा।



इंडियन सैंथंटिक रबड़ प्राईवेट लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक मुकेश शर्मा ने कहा कि प्लांट की ओर से विगत कोरोना काल में जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम किया गया। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण इत्यादि में प्लांट के क्रियाक्लाप पीछे नही है। मुकेश शर्मा ने कहा कि सीएसआर के तहत ही जिले के नागरिकों को फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे भी उपलब्ध करवाएं जाएंगे। गौरतलब है कि बीते वर्षो से ही आईओसीएल एवं रबड़ प्लांट अनेकों बार भिन्न-भिन्न रूप में सामाजिक कार्यों के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करता आ रहा है। जिसमें सरकारी अस्पताल में जांच मशीन, दिव्यांगों को रिक्शा या स्कूलों में छात्राओं को साईकिल इत्यादि उपलब्ध करवाना है। बैठक उपरान्त डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने भी रबड़ प्लांट के अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन भी प्लांट के सहयोग के लिए हर समय तैयार रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को आग्रह करते हुए कहा कि वे प्लांट के माध्यम से जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करवाएं।

### मेवात के ठगों को सिम, अकाउंट उपलब्ध कराने वाले दो दबोचे

**मथुराः मेवात क्षेत्र** में सक्रिय ऑनलाइन ठगी करने वालों को फर्जी अकाउंट, ए.टी.एम. सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले गिरोह के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 14 खाता किट एचडीएफ बैंक ब्रान्च पूर्णे, 14 एटीएम पिन, 14 पास बुक, 14 चैक बुक, 14 एटीएम कार्ड, आठ सिम कार्ड तथा एक कार बोलेरो रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 32 एनडी 0217 बरामद की गई। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक विवेक पुत्र विजय निवासी ग्राम विहारा थाना मवाई जनपद अयोध्या तथा विपिन यादव पुत्र महाराज बक्स निवासी हरियारपुर थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया है। राजेश निवासी ग्राम इटाहा थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या तथा सोनू कंपनी सुपरवाइजर कंपनी विलोड थाना राजन पूर्णे के नाम भी प्रकाश में आए हैं।

### कुवि के 14 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 14 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है।
कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से निधि मेहता, एजुकेशन से अविनाश कौर, कम्प्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग से अमित बतरा, संस्कृत से रूचि शर्मा व अंग्रेज, बॉटनी से स्वाति प्रिया व कविता रानी, कैमिस्ट्री से लवलीन कौर व इंदु बाला, कम्प्यूटर साईंस से शबनम प्रवीन, फिजिक्स से अमित कुमार, अर्थशास्त्र से गरिमा, इतिहास से सुशीला तथा सोशल वर्क से अंतिम लता सहरावत शामिल हैं।

### एडीएम प्रशासन के हस्तक्षेप कर जांच करने पहुंचे खाद्य निरीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**खाद्य एवं** औषधि प्रशासन की घोर लापरवाही से दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रही है। विभाग अवैध वसूली कर बढ़ावा देने का काम रहा है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ की जा रही। कृष्ण ग्रीन वृंदावन निवासी प्रवीन चैहान का आरोप है कि जनपद मथुरा में सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉक्टर गौरी शंकर के इशारे पर विभाग के निरीक्षकों द्वारा दुकानदारों से अवैध वसूली की जा रही है। जिससे दुकानदार खुलेआम दूषित खाद्य पदार्थो की बिक्री कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आरोप है कि टाउनशिप कदम विहार कॉलोनी मोड़ पर स्थित राधिका स्वीट्स से उन्होंने अपने साथी के साथ बादाम मिल्क खरीदा जैसे ही उसे थोड़ा सा पीया तो जी मिचलाने लगा ।प्रतिष्ठान कर्मचारियों से शिकायत करने पर बोले कि बादाम मिल्क खराब नहीं हो सकता। हम अपने कर्मचारी को पिलाकर अभी चैक करवाते हैं जिससे सच सामने आ जाएगी। जैसे कर्मचारी ने थोड़ा सा बादाम मिल्क पीया तो वह भी खराब बताने लगा। फिर प्रतिष्ठान के सभी कर्मचारियों ने कहा कि वाकई बादाम मिल्क खराब हो गया है। हम सभी बादाम मिल्क के गिलास को अलग हटा देंगे। इसकी शिकायत सहायक आयुक्त जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन मथुरा डॉक्टर गौरी शंकर से की गई तो उन्होंने जवाब दिया कि शिकायत लिखकर भेजिए अगले दिन जांच करवा ली जाएगी। मजबूर हो कर इसकी शिकायत अपर जिला अधिकारी प्रशासन से की गई।
अपर जिलाधिकारी प्रशासन के हस्तक्षेप करने पर सहायक आयुक्त ने खाद्य निरीक्षक देवराज सिंह को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए। काफी देर बाद खाद्य निरीक्षक राधिका स्वीट्स की दुकान पर जांच करने पहुंचे।

> 8 प्रशासन के हस्तक्षेप करने पर सहायक आयुक्त ने खाद्य निरीक्षक देवराज सिंह को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए

### बरसाना में निकाली गई महाराणा प्रताप की शोभायात्रा

**मथुराः वीर** शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर बरसाना नगर में बैंड बाजे के साथ महाराणा प्रताप की भव्य झांकी घोडा पर सवार होकर निकली, बरसाना नया बस स्टैंड पर स्थित चतुभुर्जी मन्दिर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों की संख्या में क्षत्रिय परिवार के साथ अन्य समाज के ब्राह्मण, वैश्य, प्रजापति, यादव, हरिजन आदि लोग भी सजधज कर शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा चतुरभुजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर मैन बजार से गोस्वामी मोहल्ला, बाग मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड होकर श्रीराधाकृष्ण गार्डन में पहूची। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी लोगों की प्रसाद की व्यवस्था नवनिर्वाचित बरसाना के चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने अपनी तरफ से रखी।

## उपायुक्त ने की योजनाकार विभाग की समीक्षा बैठक

### मडलौडा कस्बे की जल्द होंगी 11 कॉलोनियां नियमितः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने मंगलवार को जिला योजनाकार विभाग की जिला स्तरीय स्क्रुटनी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि निगम से बाहरी क्षेत्र के लिए विभाग द्वारा सर्वे करवाया गया था। जिसमें मडलौडा कस्बे की 11 कॉलोनियों को नियमित करने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों के पास भेजा जाएगा ताकि इन कॉलोनियों को नियमित्ता के लिए सरकार से मान्यता मिल सके।
उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासनिक कमेटी की सिफारिश पर ही मडलौडा की 11 कॉलोनियों का नाम नियमित होने के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था जिसमें कॉलोनियों के लिए आवेदन पत्रों की जांच की है उसमें सीईओ जिला परिषद्, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला नगर योजनाकार, कार्यकारी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, कार्यकारी अभियंता पब्लिक हेल्थ विभाग, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इन कॉलोनियों के नियमित होने पर नागरिकों के लिए जिनमें बिजली, पानी, सीवर लाईन व सडके आदि मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।
मडलौडा कस्बे में ये कॉलोनियां होंगी नियमित
दुर्गा कॉलोनी, नन्द लाल कॉलोनी, कॉलोनी कवि रोड़, शिव कॉलोनी पार्ट-2, न्यू आदर्श नगर, शान्ति नगर, अनाज मंडी रोड़ कॉलोनी, राज अस्पताल के सामने वाली कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, मडलौडा गांव के बाहरी क्षेत्र में बनी कॉलोनी व भालसी गांव के बाहरी क्षेत्र में बनी कॉलोनी।




### भारत में पहली बार होम्योपैथी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से त्वचा के इलाज में क्रांति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**दुनिया में** होम्योपैथी क्लिनिक्स की सबसे बड़ी श्रृंखला डॉ. बत्रहेल्थकेयर भारत में पहली बार दुनिया का पहला एआई-पावर्ड डिवाइस एआई स्किन प्रो लेकर आई है, जो त्वचा की बीमारियों के इलाज में निदान के लिये है। दक्षिण कोरिया से आयात की गई यह मशीन दुनिया में पाँचवी जनरेशन का एआई-पावर्ड स्किन एनालाइजर है। यह त्वचा की बीमारियों के सतह पर दिखने से पहले त्वचा के भीतर ही उनका पता लगा लेता है। यह त्वचा की बीमारियों के इलाज का भविष्यवादी तरीका है। डॉ. बत्रा ने होम्योपैथी के साथ मिलकर एक अनोखा प्रस्ताव दिया है, जोकि सर्वांगीण, सुरक्षित और दुष्प्रभावों से रहित है। एआई एनालिटिक्स के आधार पर निजीकृत उपचार तैयार किये गये हैं, जैसे कि मुंहासे के लिये एआई होम्यो क्लीयर, पिगमेंटेशन की समस्याओं के लिये एआई होम्यो ब्राइट, एंटी-एजिंग के लिये एआई होम्यो यूथ और बहुउद्देश्यीय उपचारों के लिये एआई होम्यो रीन्यू।



## संपादकीय

# कायम है प्रधानमंत्री मोदी विश्व गुरु का जलवा

**हाल** ही में पापुआ न्यू गिनी के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबरदस्त स्वागत उनका अंतर्राष्ट्रीय जलवा ही है । पापुना न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री मोदी की निर्विवाद रूप से ग्लोबल नेता स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री जेम्स मारपे ने नरेंद्र मोदी से कहा कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र उन्हें ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में मानता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के नेतृत्व के पीछे रहेगा। प्रशांत द्वीप समूह के देशों के सामने आने वाली समस्याओं पर रोशनी डालते हुए जेम्स मारपे ने कहा कि हम वैश्विक राजनीति के शिकार हैं। आप (प्रधानमंत्री मोदी) ग्लोबल साउथ के नेता हैं। हम वैश्विक मंचों पर आपके नेतृत्व का समर्थन करेंगे। जेम्स मारपे ने कहा, रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे की बजाय हम अपनी छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए आयात और मुद्रास्फीति पर ध्यान देते हैं। श्रीमान प्रधानमंत्री (प्रधानमंत्री मोदी), आपके सामने बैठे इन राष्ट्रों में ईंधन और बिजली शुल्क बहुत अधिक है। ये देश और हम जियोपॉलिटिक्स और बड़े राष्ट्रों के खेल से पीड़ित हैं और सत्ता संघर्ष से परेशान हैं।प्रधानमंत्री मोदी से जी20 और जी7 जैसे वैश्विक मंचों पर छोटे द्वीप राष्ट्रों के लिए एक सक्रिय आवाज बनने का आग्रह करते हुए जेम्स मारपे ने कहा, आप वो आवाज हैं जो हमारे मुद्दों को उच्च स्तर पर पेश कर सकते हैं क्योंकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं, इकोनॉमी और वाणिज्य, व्यापार और जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े मामलों पर चर्चा करती है। मरापे ने कहा, मैं प्रशांत क्षेत्र के अपने छोटे भाई और बहन देशों के लिए बोल रहा हूं। हालांकि हमारी भूमि छोटी हो सकती है और संख्या भी कम हो सकती है, लेकिन प्रशांत क्षेत्र में हमारा क्षेत्र और स्थान बड़ा है। दुनिया व्यापार, वाणिज्य और आवाजाही के लिए इसका इस्तेमाल करती है। हम चाहते हैं कि आप (प्रधानमंत्री मोदी) हमारी आवाज बनें। हमारे नेताओं के पास आपसे बात करने के लिए छोड़ा ही वक्त होगा। मैं चाहता हूं कि आप उन्हें सुनें। उम्मीद है कि इन चचाओं के बाद भारत और प्रशांत के संबंध और मजबूत हों। पापुआ न्यू गिनी के नेता ने आगे कहा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, विशेष रूप से हमारे बीच के छोटे देश, इन्होंने वैश्विक नेता के रूप में आपको समर्थन दिया है। पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास करता है और एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनके लिए प्रशांत द्वीप राष्ट्र बड़े महासागरीय देश हैं न कि छोटे द्वीप राज्य। प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारपे के साथ तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके वैश्विक नेतृत्व की मान्यता में फिजी के प्रधानमंत्री द्वारा फिजी के सर्वोच्च सम्मानः कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया है। आज तक गिने-चुने गैर-फिजी लोगों को ही यह सम्मान मिला है। उल्लेखनीय है कि 2014 में लॉन्च किए गए इस मंच में भारत और 14 प्रशांत द्वीप देश शामिल हैं। यह देश हैं फिजी, पापुआ न्यू गिनी, टोंगा, तुवालु, किरिबाती, समोआ, वानुअतु, नीयू, माइक्रोनेशिया के संघीय राज्य, मार्शल द्वीप समूह, कुक द्वीप समूह, पलाऊ, नाउरू और सोलोमन द्वीप हैं।

# संसद भवन के उद्घाटन पर अनावश्यक विवाद

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> "नई संसद पर भूकंप का भी कोई असर नहीं होगा। मौजूदा सेंट्रल हॉल की व्यवस्था नहीं है, लेकिन संविधान हॉल जरूर बनाया गया है। कांग्रेस को उद्घाटन की तारीख 28 मई पर भी आपत्ति है, क्योंकि उस दिन सावरकर जयंती है। गांधी परिवार तो सावरकर को स्वतंत्रता सेनानी मानने को तैयार नहीं है, लिहाजा अलग-अलग दलीलें दी जा रही हैं कि संसद की नई इमारत का उद्घाटन डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर कर लिया जाता, तो महान श्रद्धांजलि होती। इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने संसद के उद्घाटन के सवाल पर कहा कि संसदीय लोकतंत्र में असली अधिकार प्रधानमंत्री का ही होता है अगर इस पर कोई सवाल उठाता है तो मैं कुछ भी नहीं कहना चाहता हूं"

**नए** संसद भवन के उद्घाटन पर सियासत गरमा गई है, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं, लेकिन नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर एक नया सियासी संग्राम छिड़ता दिख रहा है, जिसमें सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के बीच जबरदस्त जुबानी जंग देखने को मिली। कांग्रेस ने मांग की है कि संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री से नहीं, बल्कि राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तो यहां तक कह दिया कि लगता है चुनावी लाभ के लिए ही दलित और आदिवासी राष्ट्रपति बनाए गए हैं। कांग्रेस ने उद्घाटन की तारीख पर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मांग की है कि यह उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के बजाय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कराया जाए। बेशक राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। प्रथम नागरिक हैं और भारत सरकार तथा संसद उन्हीं के नाम पर चलाई जाती हैं। संयोग है कि देश की राष्ट्रपति आदिवासी महिला हैं और ऐसी प्रथम महामहिम हैं। गौरतलब यह भी है कि देश राष्ट्रपति प्रणाली से संचालित नहीं होता। हमारी प्रणाली संसदीय है और प्रधानमंत्री इसके प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री ही देश के सर्वोच्च प्रत्यक्ष निर्वाचित जन-प्रतिनिधि भी हैं। वह भारत सरकार के कार्यकारी प्रमुख भी हैं। देश की तमाम गतिविधियों, परिस्थितियों, नीतियों और कूटनीति आदि का प्रथम दायित्व भी प्रधानमंत्री पर ही है। बेशक राहुल गांधी प्रधानमंत्री का चेहरा, नाम पसंद करें या नफरत करें, लोकतांत्रिक जनादेश का प्रचंड बहुमत उसे ही हासिल है, लिहाजा कुछ विशेषाधिकार भी हैं। स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ही ऐतिहासिक लालकिले से राष्ट्र को संबोधित करते हैं। गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति सामूहिक परेड की सलामी लेते हैं, क्योंकि वह तीनों सेनाओं के सुप्रीम कमांडर भी हैं। यह विवाद का विषय नहीं है कि लोकतांत्रिक जन-प्रतिनिधियों के सर्वोच्च मंदिर संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति करें अथवा प्रधानमंत्री करें।

दरअसल यह विशुद्ध राजनीति का मुद्दा बना दिया गया है। कांग्रेस और खासकर गांधी परिवार को नए संसद भवन के निर्माण पर आपत्ति थी और अब उद्घाटन को भी विवादित बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने सेंट्रल विस्टा, जिसमें संसद भवन भी है, का खर्च 20,000 करोड़ रुपए प्रचारित कर देश को गुमराह किया था। उसे मोदी महल करार दिया गया। उसे प्रधानमंत्री का अंधा अहंकार बताया गया। आपराधिक बबार्दी सरीखे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। प्रधानमंत्री की निजी महत्त्वाकांक्षा को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई। कांग्रेस भूल गई कि यूपीए सरकार के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के कार्यकाल में, नए संसद भवन की जरूरत का आकलन किया गया था। राहुल और सोनिया गांधी को अच्छी तरह याद होना चाहिए, क्योंकि राहुल तब लोकसभा सांसद थे। मौजूदा संसद भवन को 96 साल पहले 1927 में बनाया गया था। मार्च 2020 में सरकार ने संसद को बताया था कि पुरानी बिल्डिंग ओवर यूटिलाइज्ड हो चुकी है और खराब हो रही है। इसके साथ ही लोकसभा सीटों के नए सिरे से परिसीमन के बाद जो सीटें बढ़ेंगीं, उनके सांसदों के बैठने के लिए पुरानी बिल्डिंग में पर्याप्त जगह नहीं है। इसी वजह से नई बिल्डिंग बनाई जा रही है। पुराना संसद भवन 47 हजार 500 वर्गमीटर में है, जबकि नई बिल्डिंग 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनाई गई है। यानी पुराने से नया भवन 17 हजार वर्ग मीटर बड़ा है। नया संसद भवन 4 मंजिला है। इसमें 3 दरवाजे हैं, इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। सांसदों और वीआईपी के लिए अलग एंट्री है। इस पर भूकंप का असर नहीं होगा। इसका डिजाइन एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने तैयार किया है। इसके आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं। अभी लोकसभा में 590 लोगों की सीटिंग कैपेसिटी है। नई लोकसभा में 888 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोगों के बैठने का इंतजाम है। अभी राज्यसभा में 280 की सीटिंग कैपेसिटी है। नई राज्यसभा में 384 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे। लोकसभा में इतनी जगह होगी कि दोनों सदनों के जॉइंट सेशन के वक्त लोकसभा में ही 1272 से ज्यादा सांसद साथ बैठ सकेंगे। इसकी लागत लागत करीब 971 करोड़ रुपये है। यह योजना लुटियंस दिल्ली में राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर लंबे दायरे में फैली हुई है. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के मुताबिक नई इमारत संसद भवन संपदा की प्लॉट संख्या 118 पर स्थित है। संसद के हर अहम कामकाज के लिए अलग-अलग ऑफिस हैं। ऑफिसर्स और कर्मचारियों के लिए भी हाईटेक ऑफिस की सुविधा है। कैफे और डाइनिंग एरिया भी हाईटेक है। कमेटी मीटिंग के अलग-अलग कमरों में हाईटेक इक्विपमेंट लगाए गए हैं। कॉमन रूम्स, महिलाओं के लिए लाउंज और वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है। इसके अलावा इस इमारत में एक विशाल कॉन्स्टीट्यूशन हॉल और सांसदों के लिए लाउंज भी बनाए गए हैं। इस इमारत में तीन गैलरियों को भी जगह दी गई है। एक गैलरी में टेक्सटाइल से संबंधित है। एक अन्य गैलरी में केंद्र शासित राज्यों समेत सभी राज्यों के प्रातिनिधिक ऐतिहासिक इमारतों को दशार्या गया है। नई संसद में लोकसभा और राज्य सभा के मार्शल के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। नई बिल्डिंग की सबसे बड़ी विशेषता संविधान हॉल है। कहा जा रहा है कि इस हॉल में संविधान की कॉपी रखी जाएगी। इसके अलावा महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, देश के प्रधानमंत्रियों की बड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं। तिकोने आकार के नए संसद भवन का निर्माण 15 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। इस बिल्डिंग को पिछले साल नवंबर में पूरा हो जाना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिसंबर 2020 को नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। तब उन्होंने कहा था कि संसद की नई बिल्डिंग से अधिक सुंदर कुछ नहीं हो सकता, जब भारत अपनी आजादी के 75 साल मनाएगा। नई संसद पर भूकंप का भी कोई असर नहीं होगा। मौजूदा सेंट्रल हॉल की व्यवस्था नहीं है, लेकिन संविधान हॉल जरूर बनाया गया है। कांग्रेस को उद्घाटन की तारीख 28 मई पर भी आपत्ति है, क्योंकि उस दिन सावरकर जयंती है। गांधी परिवार तो सावरकर को स्वतंत्रता सेनानी मानने को तैयार नहीं है, लिहाजा अलग-अलग दलीलें दी जा रही हैं कि संसद की नई इमारत का उद्घाटन डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर कर लिया जाता, तो महान श्रद्धांजलि होती। इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने संसद के उद्घाटन के सवाल पर कहा कि संसदीय लोकतंत्र में असली अधिकार प्रधानमंत्री का ही होता है अगर इस पर कोई सवाल उठाता है तो मैं कुछ भी नहीं कहना चाहता हूं। विपक्ष के कुछ और नेताओं के विचार भी रामगोपाल यादव से मिलते-जुलते हैं। वास्तव में नए संसद भवन पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद भवन परिसर में कई इमारतें हैं जिनका उद्घाटन या शिलान्यास तत्कालीन प्रधानमंत्रियों ने किया। इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिस तरह से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत शुरू की है, उससे देखते हुए इस बात की संभावना है कि 28 मई को प्रस्तावित संसद के नए भवन के लोकार्पण समारोह का पूरा विपक्ष बहिष्कार कर सकता है। मेरी राय में उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का विपक्षी फैसला सही नहीं लगता। आखिर बाद में तो पक्ष-विपक्ष को नए भवन में साथ ही बैठना है।



## कविता

### जन्म

अपार सम्भावनाओं
के नभ में
हर पल नई उड़ान
भरने के लिए
बेताब रहता है मानव
परिंदा,
जन्म से रहती व्यस्त
मानव देह
झूठ फरेब और
अपनों से
दगाबाजी की विक्षिप्त
सोच में !
बेशक जीवन की
अंतिम मंज़िल मौत है
किन्तु फिर भी ना
जाने क्यूँ
उलझता रहा मानव
जन्म भर,
जन्म मृत्यु के
अनसुलझे रहस्य में !
प्रश्न यक्ष सा देह का
रहा जीवन भर
क्या पाया और क्या
खोया,
जन्म इस धारा पर
लेकर
सुकून तो मिल ना
पाया कभी !
धरा पर भटकता
रहा आजन्म
अनजान मंज़िल की
राहों पर,
मिला जितना भी
जिंदगी में
लगा अल्प मात्र ही
सदा
लालसा पाने की कुछ
और में !
भटकता रहता जन्म
मानस का
पता है जहां से जाना
खाली हाथ ही
सबको है,
किन्तु समान इकठ्ठा
कर रहा
जहां भर का अपने
जन्म से !
सब कुछ पा कर भी
खाली हाथ ही रहता
है वो परिन्दा
जो ऊची उडान के
बाद भी
आ ना सके अपनो
के बीच !

**मुनीष भाटिया**

# इंडिया की धाक छाई-दुनिया कदमों में आई

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर महाशक्ति के रूप में स्थापित विकसित देश और एक उभरती हुई वैश्विक महाशक्ति जो वैश्विक ताज पहनने के कुछ कदमों की दूरी पर है, जब दोनों देशों में आपसी खींचातान, प्रतियोगिता, तनातनी के स्थान पर दोस्ती, सद्भाव, भाईचारा, प्रेम की रणनीति काम करें और बिना प्रोटोकोल से दोनों समकक्ष पदाधिकारी नेता आपस में मत्रियता कायम रखें और आपका नाम हमारे देश में बहुत फेमस है आपके मुझे आपका ऑटोग्राफ लेना चाहिए, जी7 बैठक शुरू होने के पहले ही मिलने के लिए आतुर दिखाई दें और उनके पास पहुंच कर उन्हें अपने गले लगा दें स्वाभाविक ही है हर भारतीय को गौरववित होने का आभास होगा, सीना 56 इंची चौड़ा दिखाई देगा और कॉलर टाइट हुई महसूस करेंगे। चूंकि क्वॉड, जी-7 शिखर सम्मेलन में एक महाशक्ति और एक उभरती हुई महाशक्ति के समकक्ष पद नेताओं के बीच मजबूती से प्रगाढ़य होते संबंधों के बुलंदियों पर पहुंचने का आयाम महसूस हो रहा है इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इंडिया की धाक छाई, दुनियां कदमों में आई- पीएम का सम्मान चरण छू कर प्रणाम।

साथियों बात अगर हम पीएम के जी-7 सम्मेलन की भारत के लिए कुछ गर्व की बात की करें तो, जापान के शहर हिरोशिमा में जी7 नेताओं की बैठक समाप्त हुई।भारतीय पीएम भी इस बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। जी-7 समिट में हमारे पीएम की लोकप्रियता का अद्भुत नजारा देखने को मिला है। बैठक के शुरू होने से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति पीएम से मिलने को लेकर आतुर दिखाई पड़े। अमेरिकी राष्ट्रपति को पीएम के पास पहुंचकर उन्हें अपने गले लगा लिया। हिरोशिमा में जी7 देशों की बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति खुद चलकर पीएम के पास पहुंचे।अमेरिका के राष्ट्रपति मुलाकात के लिए काफी उत्साहित दिखाई दिए। उनको अपनी तरफ आते देख पीएम भी अपनी सीट से उठकर खड़े हो गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम को अपने गले लगे लिया। काफी गर्मजोशी के साथ दोनों नेता एक दूसरे के गले लगे और कुछ बातचीत की। माना जा रहा है कि दोनों की इस मुलाकात से भारत और अमेरिका के जो संबंध हैं, उन्हें एक नई दिशा मिलेगी। पीएम अपने जापानी समकक्ष के निमंत्रण के बाद जी-7 शिखर सम्मेलन के तीन सत्रों में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को हिरोशिमा पहुंचे थे। जी-7 देशों में जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज आने वाला साल बेहद महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिएलगातार कोशिश में है और इस कवायद के तहत अमेरिका की ओर से ये बयान आया है।

## विचार

# मौत के उड़ते ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारतीय** वायुसेना ने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए एयरफोर्स ने फैसला लिया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास 8 मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में 3 महिलाओं की जान चली गई थी। वायु सेना ने मिग -21 लड़ाकू विमानों के पूरे बेड़े को उड़ान भरने से तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि राजस्थान में हुए हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती है। मौत के उड़ते ताबूत कहलाने वाले मिग 21 लड़ाकू विमान के आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहने के कारण उन्हे फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर कहा जाने लगा है। हैं। इस कारण इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 सालों में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जिसमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायु सेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। जिन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायु सेना से हटाया जाएगा। मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेनो में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट्स का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 विमान भी क्रेश कर गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई थी। मिग-21 बाइसन फाइटर जैट का इस्तेमाल अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता हैं। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है। मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायु सेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायु सेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायु सेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायु सेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गये हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायु सेना को मिग 21 विमानो को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। देरी का मुख्य कारण वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग 21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है। जुलाई 2022 में भारतीय वायु सेना ने शेष सभी मिग -21 लड़ाकू स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए तीन साल की कार्य योजना तैयार की थी। जिसमें से एक स्क्वाड्रन सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाली है। एक समय मिग-21 विमान अपने सभी संस्करणों के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े की रीढ़ बना था। वहीं वायुसेना में दुर्घटनाओं की संख्या भी मिग 21 विमानों में सबसे अधिक थी।

भारतीय वायु सेना मिग-21 लड़ाकू विमानों को मजबूरी में उड़ा रही थी। भारतीय वायु सेना को पाकिस्तान व चीन से दो मोर्चो पर युद्ध लड़ने के लिए लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है। मगर भारत के पास अभी 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद है। जिनमें भी तीन स्क्वाड्रन मिग-21 के शामिल है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आदर्श संबंधः - संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**हरेक** इंसान के जीवन में एक ऐसा समय आता है जब उसे किसी एक जीवन साथी की तलाश होती है। जब वे दोनों मन ही मन एक-दूसरे को पसंद कर लेते हैं और अगर उन दोनों के बीच में कोई आता है तो उन्हें क्रोध आ जाता है क्योंकि वह अपने दिमाग में एक आदर्श संबंध की तस्वीर बना लेते हैं। प्रेम के हर अनुभव में दिल की अनुभूति शामिल होती है। जब हम उनके साथ हों, जिन्हें हम प्यार करते हैं तो हम प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। हम उनके साथ शांति, संतुष्टि व परिपूर्णता की भावना महसूस करते हैं। संत-मत की शिक्षा के अनुसार विवाह बंधन आध्यात्मिक मार्ग पर रूकावट नहीं माना गया है। इसमें विवाहित जोड़े को जीवन में प्रेम की भूमिका समझनी चाहिए। यदि वे प्रभु की ओर जाने वाली यात्रा में उन्नति करना चाहते हैं तो उन्हें एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए। प्रेम एक-दूसरे की आँखों में देखना नहीं बल्कि एक ही दिशा में देखने का नाम है और फिर संत-महापुरुष इसमें आध्यात्मिक नजरिये को जोड़ देते हैं और वह दिशा है प्रभु। यदि दोनों मिलकर आध्यात्मिक ध्येय की ओर दृष्टि रखेंगे तो भौतिक प्रेम से कहीं अधिक प्रेम, एक-दूसरे के लिए पाएंगे। वे अनुभव करेंगे कि दोनों ही प्रभु-प्रेम में परिपूर्ण हो गए हैं और प्रभु के नाम या शब्द के साथ जुड़ने से वे रूहानी आनंद का लुत्फ उठाएंगे। जैसे-जैसे वे आध्यात्मिक रास्ते पर प्रगति करेंगे दोनों की आत्माएं प्रभु की ज्योति और श्रुति की धारा के साथ-साथ मिलती चली जाएंगी, जब तक कि वे प्रेम के अनंत समुद्र तक नहीं पहुँच जाती। जब दोनों आत्माएं प्रभु के प्रेम से ओत-प्रोत होंगी तो दोनों एक ही प्रभु-प्रेम के समुद्र में तैरेंगी। दोनों एक ही परम सुख, हर्ष, एक ही मिलन की ओर बढ़ेंगी।

रूहानी अनुभव पाकर दोनों जीवन साथी एक-दूसरे के और निकट आ जाएंगे क्योंकि वे दोनों एक जैसी प्रसन्नता और प्रभु के परम सुख का अनुभव करेंगे। वे दोनों एक-दूसरे के साथ ऐसी किसी आलौकिक चीज में भी भागीदार होंगे, जिसके बारे में इस संसार में किसी को भी पता नहीं चलेगा। वे एक-दूसरे के साथ ऐसी घनिष्ठता रखेंगे, जो किसी भी भौतिक प्रेम से कहीं अधिक होगी। इसे ही आध्यात्मिकता में एक आदर्श संबंध कहा गया है।

# श्मशान की होम डिलवरी वाला सपना

**डॉ. सुरेश कुमार**

**श्मशान** की होम डिलवरी वाला सपना इतना आसान नहीं था। इसे पूरा करने में बड़े-बड़े बुद्धिजीवियों का योगदान है। उनका जितना गुणगान किया जाए कम है। इसके लिए डॉक्टरों ने डॉक्टरी छोड़ चिकित्सा का व्यापार किया। कोरोना के स्पाइक्स को स्तन बनाकर इतना रुपया दूहा कि फार्मा कंपनियों ने जितना बरसों तक नहीं कमाया उतना तो पिछले एक साल में कमाकर कोठी पर कोठी ठोक दी। दो चक्का से आलीशान चार चक्का गाड़ी में घूमने लगे। आम लोगों को जहाँ रोजगार करना चाहिए, वहाँ बेरोजगारी में वाट्सप पर फॉरवर्ड-फॉरवर्ड खेलते हुए देखते मिलेंगे। महामारी में न जाने क्या गजब शक्ति है कि जिसे देखो उसे चिकित्सा ज्ञान की खुजली मची है। पुलिस की लाठी तो लाचारों पर भांजने के लिए बनी है। चुनावी नेताओं के सामने तो साड़ी पहनकर मुजरा करने लगती है। इंसानों को बहुत शौक था तरह-तरह के जीव खाने का। चूहा, बिल्ली, कुत्ता, चमगादड़ खत्म हो गए। कुछ नया ढूँढ़ रहे हैं। अब क्यों न इंसानों को ही खाया जाए! बड़ा मजा आएगा। इंसान के मांस में नमक मिलाने की भी जरूरत नहीं है। उसके बदन में पहले से ही नमक, मसाला का स्वाद घुला होता है। भगवद्गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहब की मानवता नेताओं की चुनावी गाथा के सामने पानी भरती हैं। गंगा जल छिड़कने मात्र से जहाँ महामारी के विषाणु मर जाते हों, वहाँ वैक्सिन, सेनिटाइजर, मास्क और दो गज की दूरी की खाक जरूरत पड़ेगी। गंगा जल की चार बूँदें बदन पर छिड़कों सारे रोग चुटकी में फुर कर जाओ। यहाँ गिरगिट से ज्यादा इंसान रंग बदलता है। ऐसे में श्मशान की होम डिलवरी होना तो माँगता है। हे मनुष्य! खुशी मनाओ। मिठाई बाँटों। झूमो, नाचो, गाओ और धूम मचाओ। अमेजान, फ्लिपकार्ट, स्विग्गी, जोमाटो की तरह श्मशान भी अब बहुत जल्द घर-घर पहुँचने वाला है। यह प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जो प्रक्रिया बरसों तक एक निश्चित जगह पर फिक्स्ड थी, अब वह सड़कों तक पहुँच चुकी है। जब इतना रास्ता तय कर चुका है तब घरों तक पहुँचने में कितना समय लगेगा? बहुत जल्द हमारे, आपके सबके द्वार तक पहुँच जाएगा। बताइए इससे बढ़कर और क्या चाहिए? कभी सोचा था कि दुनिया इतनी तरक्की करेगी? अपने मंगल की कामना के लिए गुरुबुद्धि के बल पर मंगल, गुरु न जाने और क्या-क्या ग्रह तक पहुँचने के सपने देखने वाले मनुष्य के लिए सबसे मुश्किल कार्य था श्मशान की होम डिलवरी। लीजिए, वह डिलवरी का सपना भी पूरा होने जा रहा है। इसे कहते हैं विकास।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चुराने वाले दो चोर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा गत दिवस आरोपी अजय पुत्र दलविन्दर व मंदीप पुत्र रणधीर वासियान गांव ललयाणी जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित तरावड़ी एरिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ व अन्य विश्वसनीय सूचना के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी नशा पूर्ति आदि करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।
पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा वर्ष 2022 में थाना निसिंग के एरिया से एक मोटरसाइकिल व वर्ष 2023 में जिला कैथल के थाना सिविल लाईन के एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी, कुल दो मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा दूसरी मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ पहले भी मोटरसाईकिल चोरी के चार मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहे हैं। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल में भेज दिया गया है।

### सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी काबू, 880 रुपए बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना बुटाना** के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी निलोखेड़ी की टीम द्वारा गैर कानूनी कार्यों पर लगाम लगाते हुए एक आरोपी दीपक पुत्र सुशील कुमार वासी रादौर जिला यमुनानगर हाल स्टेशन एरिया निलोखेडी को सट्टा खाईवाली करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मौके से आरोपी के कब्जे से 880 रुपए की नगदी, एक पैन व एक सट्टे का पर्चा बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना बुटाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई गई।

# 'किसी भी रूप में न हो मानवाधिकारों का हनन'

## वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों के लिए पर्याप्त एवं उचित सुविधाएं करवायें सुनिश्चित, प्रति वर्ष लगभग 155000 शिकायतें मिल रही आयोग को, 167 करोड़ रुपये का दिलाया मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय मानव** अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने मानवाधिकारों के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि किसी भी रूप में मानव अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए आयोग मौजूद है। उन्होंने आम जनमानस का भी आह्वान किया कि यदि कहीं पर किसी भी स्थिति में मानवाधिकारों का हनन होता है तो उसकी सूचना मानवाधिकार को दें। मंगलवार को लघु सचिवालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने आयोग के विषय में विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली से भी अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष आयोग के पास लगभग 155000 शिकायतें पहुंच रही हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत का निपटारा करवाने में सफलता मिलती है। साथ ही आयोग ने पिछले वर्ष पीड़ितों को 167 करोड़ रुपये का मुआवजा भी दिलवाया। बैठक में स्पेशल मॉनिटर गोयल ने विशेष रूप से जिला में चल रहे वृद्धाश्रमों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों के लिए पर्याप्त एवं उचित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र हुड्डा को निर्देश दिए कि वे इस संदर्भ में विस्तृत रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करें, जिसमें दी जा रही सुविधाओं के साथ सरकारी ग्रांट, पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों की सूची, वृद्धाश्रम में मृत्युदर तथा कमियों की जानकारी शामिल हो।
आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने जिला में चल रहे बाल देखभाल केंद्रों की भी समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ प्रवीन कुमारी तथा जिला बाल

**8 यदि कहीं पर किसी भी स्थिति में मानवाधिकारों का हनन होता है तो उसकी सूचना मानवाधिकार को दें**

संरक्षण अधिकारी ममता शर्मा को निर्देश दिए कि वे सभी केंद्रों की सूची आवश्यक जानकारी के साथ उन्हें प्रेषित करें। उन्होंने बाल देखभाल केंद्रों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर स्कीम का लाभ दिए जाने की जानकारी भी प्राप्त की।
उन्होंने चाइल्ड लेबर की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की।
स्पेशल मॉनिटर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बीते एक वर्ष के दौरान पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत आये सभी मामलों की पूर्ण जानकारी उन्हें प्रेषित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूलों की स्थिति व बच्चों की संख्या के साथ डिजिटलाईजेशन स्कीम की पूर्ण जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने विशेष गृह (स्पेशल होम) का दौरा करते हुए विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर नगराधीश डा. अनमोल, एसीपी नर सिंह, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, डीईईओ महाबीर सिंह, डीएसडब्ल्यूओ रविंद्र हुड्डा, डीपीओ प्रवीन कुमारी, डीसीपीओ ममता शर्मा, बबीता, प्रेमलता तथा रबिता आदि मौजूद रहे।

## जिन खिलाडियों को मैदान में होना चाहिए, वे धरने पर : मनविंद्र सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब की** पायल विधानसभा सीट से आप विधायक मनविंदर सिंह ने पहलवानों के धरने का समर्थन करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। वहीं उन्होंने मांग की कि जल्द ही डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन खिलाडि?ों को आज मैदान में होना चाहिए था, वह आज न्याय की मांग के लिए जंतर मंतर पर धरने पर बैठी है। यह हमारे लिए और केंद्र की सरकार के लिए शर्मनाक है। लेकिन केन्द्र सरकार बेटियों को न्याय दिलाने की बजाए बृजभूषण के पक्ष में खड़ी है। एक महीने से उसकी गिरफ्तारी तक नहीं की गई।
उन्होंने कहा कि धरने पर जो बेटियां पर बैठी हैं, उसमें अधिकतर महिला खिलाड़ी हरियाणा की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री भी बेटियों का साथ नहीं दे रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को शर्म आनी चाहिए कि उनके प्रदेश की बेटियों को न्याय नहीं मिल रहा है। हरियाणा सरकार को इस मामले में संज्ञान लेकर बेटियों को न्याय दिलाना चाहिए।
वहीं उन्होंने बृजभूषण के 15 रुपए के मेडल के बयान पर कहा कि बृजभूषण के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

## पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभः हरविन्द्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**घरौंडा** के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में सभी वर्गों का समान विकास हो रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि पात्र व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है, जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं।
विधायक मंगलवार को अपने निवास पर विभिन्न गांव व शहर से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं की सुनवाई के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया तथा अन्य कार्यों को नियम अनुसार समय सीमा के



अनुसार कराने का भरोसा दिलाया।
विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि का कार्य है, आमजन की समस्याओं को पहचानना तथा उनका समाधान करना। जन प्रतिनिधि को भी जन कार्यों को पूरा प्रयत्न करना चाहिए ताकि समाज में एक दूसरे पर भरोसा बना रहे। इस अवसर पर घरौंडा से आए सैनी समाज के लोगों ने विधायक कल्याण के सामने सैनी समाज की चौपाल बनाने में मदद की मांग रखी जिस पर विधायक कल्याण ने कहा कि मैं हर वक्त समाज के साथ खड़ा हूँ, मुझे अपने परिवार का हिस्सा समझो, मेरी तरफ से हरसंभव मदद होगी।
युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारे घर में जो बुजुर्ग हैं, उनके अनुभव से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसलिए चाहे सामाजिक कार्य हो, धार्मिक कार्य हो या अपने घर का कोई कार्य हो तो उनके परामर्श से करेंगे तो उस कार्य में बरकत होगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यों के लिए वे सदैव तत्पर हैं, यदि किसी को कोई परेशानी हो तो वे मुझसे आकर मिलें, उनकी समस्याओं के समाधान करने के भरसक प्रयास किए जाएंगे।

## स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन का आधारः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत चलाई जा रही योग कक्षा ग्रीन बेल्ट सेक्टर तेरह में आज योग गुरु दिनेश गुलाटी ने स्वास्थ्य के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने और योग को घर-घर तक पहुंचाने हेतु मिशन के साथ योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर इस कार्य में प्रयासरत है और यदि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी मुहिम बना लें तो देश का हर आदमी शीघ्र ही स्वस्थ होगा।
उन्होंने कक्षा में विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया और साथ ही योग गुरु ने अपने



विचार सांझा करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन का आधार है। स्वास्थ्य है तो सब कुछ है, अन्यथा कुछ नहीं है। स्वास्थ्य के बिना हमारा धन दौलत, पद प्रतिष्ठा सब व्यर्थ है। यदि हमारे पास सांस नहीं है तो हम पैसा खर्च करके भी सांस नहीं ले सकते।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि खुशहाल जीवन के लिए स्वस्थ और निरोग काया जीवन जीने का सर्वश्रेष्ठ साधन है और योग ही श्रेष्ठ स्वास्थ्य की कुंजी है। अतः यदि हर व्यक्ति प्रतिदिन योग को अपने जीवन में अपना ले तो वह कभी बीमार नहीं पड़ सकता।

## गांधी नगर में बेटे, बेटियों के साथ मिलकर की दम्पति की पिटाई

**गन्नौर।** गांधी नगर में रहने वाली महिला ने अपने पड़ोस के युवक व उनकी दो बेटियों पर मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला मीनाक्षी का आरोप है कि 21 मई को अपनी नन्नद गीता के साथ अपने घर पर बात कर रही थी तो उसी दौरान पड़ोस का रवि अपनी मां मुर्ति, बहन ज्योति, सोनिया के साथ आया और रवि ने आते ही मेरी सिर के बाल पकड़ लिए, ज्योति व सोनिया ने मुझे लात घुसे मारे व मुर्ति ने मेरे दोनो हाथ पकड़ रखे थे।

## अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, एक काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधडी करने के मामले में एक आरोपी गौरव खेंची पुत्र देवव्रत खेंची वासी गुरूद्वारा कालोनी गांव बलडी जिला करनाल को दिल्ली से गिरफ्तार करके लाया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जांच में यह भी खुलाासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ जिला करनाल के थाना सदर में वर्ष 2021 में एक मामला भगौड़ा घोषित होने का दर्ज है। इस मामले में आरोपी अभी तक फरार चल रहा था। इस मामले में आरोपी को आईंदा पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाएगा।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता सुरेन्द्र पुत्र मेहर सिंह वासी ब्राह्मण माजरा जिला करनाल ने दिसम्बर 2022 में पुलिस अधीक्षक कार्यालय करनाल में आरोपी बलबीर वासी डाबरथला जिला करनाल, गौरव खांची वासी अहर जिला पानीपत, देव वासी अहर जिला पानीप, चरण सिंह, राहुल व रोहित दियोल द्वारा उसके लडके युवराज को अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसे ऐंठने, अमेरिका की बजाय अलग-अलग



देशों दुबई, बहरीन, टर्की, सरबिया, सुबोतिका, हंगरी, रोमानिया, आस्ट्रिया, जर्मनी व फ्रांस आदि देशों में घुमाकर वापिस भारत लाने व पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने बारे शिकायत दी थी।
इस शिकायत में शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा चालीस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के भी आरोप लगाए। शिकातयकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने उसके लडके को वापिस भारत में लाने के बाद काफी दबाव के बाद इक्कीस लाख रुपए भी लौटा दिए थे और बाकी रुपए लौटाने से मना कर दिया था। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ नामजद थाना निगदू में 27 दिसम्बर 2022 को भारतीय दंड संहिता की धारा-406, 420, 506 व शस्त्र अधिनियम के तहम मामला दर्ज किया गया था।

## जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना मधुबन** की टीम द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने नरेश कुमार वासी कुटेल की मोबाइल फोन की दुकान पर जाकर उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।
इस संबंध में 22 मई को शिकायतकर्ता नरेश कुमार पुत्र ईशम सिंह वासी कुटेल जिला करनाल ने थाना मधुबन में शिकायत देते हुए बताया कि



गांव कुटेल में उसकी मोबाइल फोन की दुकान है। कल दोपहर के समय आरोपी रोबिन पुत्र अनुप सिंह वासी कुटेल जिला करनाल चाकू लेकर उसकी दुकान के सामने आकर खड़ा हो गया और गाली गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा।
इसके बाद शिकायतकर्ता ने डायल 112 की टीम बुलाई और टीम द्वारा आरोपी उपरोक्त को मौका से काबू किया गया व आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में भारतीय दंड संहिता की धारा-506 व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ट्रक ड्राईवरी का काम करता है।
आरोपी कुछ समय पहले उक्त चाकू को मध्य प्रदेश में एक जगह से खरीदकर लाया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने शिकातयकर्ता के साथ कई साल पहले की एक पुरानी रंजिश के कारण शिकायतकर्ता को चाकू से मारने की धमकी दी थी। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## होमगार्ड ने रची लूट की झूठी साजिश, पुलिस जांच में हुआ खुलासा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा निसिंग** के सांभली रोड पर मंगलवार दोपहर को एक होमगार्ड से डेढ़ लाख रुपए लूट की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही डीएसपी सहित पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और जांच की। जांच में खुलासा हुआ कि होमगार्ड ने ही ट्रैक्टर की किस्त न भरने को लेकर लूट की झूठी साजिश रची थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करनाल सिटी थाना में तैनात ब्रास गांव के होमगार्ड सुनील ने दोपहर को पुलिस को सूचना दी कि निसिंग में आईआईएफएल गोल्ड लोन कंपनी में वह अपने गहने रख डेढ़ लाख लेकर निकला था। जब वह सांभली रोड पर पहुंचा तो दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे गन पॉइंट पर रखकर डेढ़ लाख रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए, जिसकी सूचना उसने निसिंग थाना पुलिस को दी।
सूचना मिलते ही निसिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद एरिया के डीएसपी सुरेश कुमार व सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और गोल्ड लोन कंपनी में लगे सीसी टीवी कैमरे चेक किए तो उसमें मामला कुछ और ही निकला। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि सिटी थाने में तैनात सुनील ने कंपनी में गोल्ड जमा करवाकर मैनेजर से 60 हजार रुपए लेकर गया था, जिसमें उसने 30 हजार रुपए उसके बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए।

## खड़ी गाड़ी से टाटा ऐस गाड़ी की टक्कर में दो घायल, मामला दर्ज

**गन्नौर। नेशनल** हाईवे 44 पर गन्नौर फ्लाई ओवर के पास हाईवे के बीच खड़ी गाड़ी से टाटा ऐस गाड़ी टकरा गई। जिसमें एक महिला और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों को घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में दाखिल करवाया। पुलिस को दी शिकायत में करनाल के फुरलक गांव निवासी अरुण ने बताया कि वह रात के समय अपनी गाड़ी टाटा ऐस में सवार होकर करनाल से सोनीपत आईटीआई चौक जा रहा था, जब वह गन्नौर हाईवे पर पहुंचा तो एक गाड़ी हाईवे के बीचो बीच बिना साइन बोर्ड, बिना डिपर खड़ी होने की वजह से उसमें हमारी गाड़ी उसमे टकरा गई।

## नाले के अन्दर से गुजरे जर्जर पानी कनेक्शन बने हुए थे दूषित पेयजल आपूर्ति का कारण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बीएसटी रोड पर** फ्लाई ओवर के नजदीक जनस्वास्थय विभाग की पेयजल आपूर्ति लाईन से दूषित पेयजल सप्लाई की शिकायत के बाद नपा चेयरमैन अरूण त्यागी नपा अधिकारियों की टीम के साथ पहुंचे और मौका मुआयना किया। उसके बाद जनस्वास्थय विभाग के जेई को बुलाया। लोगों ने नगरपालिका चेयरमैन त्यागी को बताया कि वे पिछले कई दिनों से जनस्वास्थय विभाग की पेयजल आपूर्ति लाईन से गंदा पानी आने के कारण परेशान है। वे आसपास की कालोनी से पेयजल लेकर आने को मजबूर है। नपा व



जनस्वास्थ विभाग की टीम ने दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर समाधान के लिए जांच की तो पाया गया कि उनके घरों के पास कुछ मकान काफी लंबे समय से बंद पड़े है। वे दूसरे शहर में जाकर रहने लगे। उनके पानी के कनेक्शन नाले के अन्दर से गुजरे हुए है। लंबा समय होने के कारण पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए कनेक्शन की पाईप कमजोर होकर टूटने के कारण उनमें नाले का गंदा पानी जाने लगा। जिस कारण नाले का गंदा पानी सप्लाई के माध्यम से लोगों के घरों में पहुंचने लगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# हैदरपुरः पोल खोल जनसभा का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली वार्ड नम्बर-55** के शालीमार बाग ए के अन्तर्गत आने वाले हैदरपुर इलाके के रामलीला मैदान में केजरीवाल की पोल खोल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन, विधायक विजेन्द्र गुप्ता जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया के अलावा कार्यक्रम में निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पार्षद अमित नागपाल, मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल यादव, महामंत्री विरेन्द्र सिंह पिन्टू के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जनता की गाढ़ी कमाई का दुरूप्रयोग किया है। तो वहीं विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि झूठे मुख्यमंत्री की पोल अब खुल रही है।

## जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये: जनेश भड़ाना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी जनेश भड़ाना ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण से जहां एक और क्षेत्र हरा-भरा नजर आता है, वहीं इससे हमें शुद्ध व स्वच्छ हवा भी मिलती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक और हमें ऑक्सीजन देते है, वहीं इनसे में हमें फल, फूल व कई प्रकार की दवाईयां मिलती है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



न्यू गुप्ता कॉलोनी में आयोजित श्रीभागवत कथा के दौरान निगम पार्षद सुशील कुमार, राकेश गोयल व अन्य।

# गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में विशेष गुरमति समागम आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली सिक्ख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस पूर्ण श्रद्धा व आदरपूर्वक मनाया। इस मौके पर कमेटी के विभिन्न गुरुद्वारा साहिबानों में गुरमति समागम आयोजित हुए, मुख्य समागम भाई लक्खी शाह वणजारा हॉल में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म में शहादत का इतिहास नहीं है। शहीदों के सरताज गुरु अर्जन देव जी ने धर्म के लिए विश्व में सबसे पहली शहादत दी, जिसके चलते उन्हें शहीदों का सरताज कहा जाता है। यदि इतिहास पर गौर फरमायें तो उनसे पहले किसी ने अपने धर्म या किसी भी धर्म के लिए शहादत नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने उनसे पूर्व में रहे चार गुरु साहिबानों की बाणी व भगतों की बाणी को एकत्र कर संपादना की व आदि ग्रंथ के रूप में श्री हरिमंदिर साहिब में सुशोभित किया था। बड़ी संख्या में उनके पास संगत आती थी व दीवान में बैठकर गुरबाणी श्रवण करती थीं। जब गुरु साहिब के पास विशाल संख्या में संगत की एक जुटता होने लगी तो वहां शासक जहांगीर के अत्याचारों के विरोध में बातें होने लगीं जिसके बाद जहांगीर को बात पता चलते ही इस बर्दाशत नहीं कर सका व गुरु साहिब को शहीद करने का आदेश सुना दिया जिस पर गुरु साहिब को लाहौर में गर्म तवे पर बिठा कर शहीद किया। गया।

# बुराड़ीः जनता की समस्याओं का हो रहा है समाधानः यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के बुराड़ी स्थित विधायक कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के नेतृत्व में जनता की समस्याओं को सुना गया और कई समस्याओं का तुरन्त समाधान भी करवाया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बुराड़ी विधायक कार्यालय पर जो भी समस्याएं जनता लेकर आ रही है, उसका समाधान जल्द से जल्द करवाने की कोशिश की जा रही है, ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि झड़ौदा पार्ट-1 सुरेंद्र कॉलोनी गली नम्बर 7 की महिलाएं सीवर और सफाई की समस्या लेकर आई थी। उनकी समस्या का समाधान करवाया गया है। विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने बताया कि विधायक संजीव झा क्षेत्र में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है, जनता की जो भी समस्या है उसका समाधान किया जा रहा है। ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# साधना एन्कलेवः शहीदी दिवस पर छबील का हुआ आयोजन

## दुख भंजन गुरूदारा बुंगा साहिब साधना एन्कलेव ने किया कार्यक्रम का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के साधना एन्कलेव स्थित मुख्य रोड़ पर गुरू अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान दुख भंजन गुरूदारा बुंगा साहिब के द्वारा लोगों में मीठे पानी का वितरण किया गया। इस मौके पर चरणजीत कौर, गुलजार सिंह, कुलवंत कौर, मानिक सिंह, तरनदीप सिंह, देविन्दर कौर, जगजीत सिंह, निखिल कुमार, नितिन कुमार, अवतार, अक्षय और वाशु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार भी रखे।

# आयुष्मान योजना से मिला करोड़ो लोगों को मुफ्त इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना से अब तक 5 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त इलाज हो चुका है।

उन्होंने मंगलवार को ट्वीट कर-के कहा कि गरीब अब लाचार नहीं है उन्हें अब मुफ्त उपचार मिल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना ने अब तक जनता के 87 हजार करोड़ से अधिक रुपये बचाये हैं।

उल्लेखनीय है कि इस आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र लोगों को मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसमें पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनते हैं, जिनकी मदद से कार्डधारक सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है।

### योजना का लाभ...

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना ने अब तक जनता के 87 हजार करोड़ से अधिक रुपये बचाये हैं।**

# सिविल डिफेंस कर्मियों को दी एनडीआरएफ ने आपदा में सुरक्षा पर ट्रेनिंग




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली नरेला के** स्मृति वन में सिविल डिफेंस की नरेला यूनिट को प्राकृतिक आपदा में समाज की सुरक्षा कैसे की जाए का प्रशिक्षण राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की सोलह वी बटालियन ने दिया। इस कार्यक्रम में नरेला क्षेत्र के नागरिकों ने भी हिस्सेदारी की।

सिविल डिफेंस की नरेला यूनिट के अनुरोध पर एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर भास्कर कुणाल, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार एवं उनके स्टाफ ने बताया कि देश और विदेश में अनेकों तरह की आपदाएं आती रहती है। जैसे भूकंप, आंधी, तूफान, पुराने भवनों का टूटना, गिरना, कारखाना/ बस्तियों में आग लगना, गैस रिसाव आदि अनेकों इस तरह के मामले हैं। जहां पर हमारा यह बल त्वरित कार्य कर जानमाल की रक्षा करता है। उन्होंने साधारण और सरल भाषा में प्रैक्टिकल कर दिखाते हुए बताया कि जनता को भूकंप में किस तरह से उनको बचा कर एनआरडीएस के संपर्क में लाना है। हम अपने उपकरणों के जरिए अपना रास्ता बनाए। कैसे मलबे में दबे प्रभावित लोगों को तलाश कर प्राथमिक सहायता कर सुरक्षित करते हैं। बहते खून को किस तरह से किन प्रैशर पाइंट से रोका जाए। किस तरह स्टेचर न होने पर भी किस तकनीक से लिफ्ट कर सकते हैं। कामचलाऊ स्टैचर को पाईप और कंबल से कैसे तैयार करें। पीडित को किस तरह नकली सांस लेकर एंबुलेंस तक ले जाएं। कौन से पॉइंट हैं जिनसे बहता खून रोका जा सकता है। टूटे अंगों की लकडी/ खरपच्चिओ से पटटी कर पीड़ित लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। बिच्छू और सांप आदि के काटने पर किस तरह घांव को साफ कर मरीज को हिम्मत और दिलासा देते हुए पारंपरिक तरीकों को रोककर अस्पताल पहुंचाएं। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में पीड़ितो को तैरकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने में तैराकी के संसाधन घरेलू सामान का सदुपयोग जैसे प्लास्टिक के केन, कोल्डड्रिंक की खाली बोतलों से सहायता कैसे ले। कार्यक्रम में उपस्थित चीफ वार्डन सिविल डिफेंस अशोक कुमार, कलमकार राज व्रत, नरेला प्रभारी अखिलेश शर्मा मास्टर रवि खत्री, धर्मपाल वर्मा आदि मौजदू रहे।

# 'कॉलेजों में प्रवेश के लिए अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र केवल कमेटी जारी करेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कॉलेजों में प्रवेश के लिए अल्पसंख्यक छात्रों के लिए माइनॉरिटी सर्टिफिकेट केवल दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी किया जाएगा व कोई अन्य संगठन यह प्रमाणपत्र जारी नहीं करेगा।

यहां जारी एक बयान में सरदार कालका और सरदार काहलों ने बताया कि दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी किया था कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अलावा विभिन्न संस्थान जारी कर सकेंगे। इन आदेशों पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने रोक लगाते हुए पहले वाली व्यवस्था बहाल कर दी है।

अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र अब केवल दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ही जारी करेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के तहत कॉलेजों व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के कार्यालय में आकर यह प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इस प्रमाणपत्र को प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।

## प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण महत्वपूर्णः चौबे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली जन** जैव विविधता रजिस्टर (पीबीआर) बनाने और सत्यापन का राष्ट्रीय अभियान मंगलवार को गोवा में शुरू किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कार्यक्रम के दौरान प्रकृति में मौजूद नाजुक संतुलन को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में मौजूद नाजुक संतुलन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों को लागू करने में सफलता प्राप्त करने के लिए लोगों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न केवल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है बल्कि इन प्रावधानों के पीछे के विचार को सफल बनाने के लिए लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, गोवा के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री नीलेश कबराल, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष सी.अचलेंद्र रेड्डी और अन्य वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। जन जैव विविधता रजिस्टर क्या है। पीपुल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं के व्यापक रिकॉर्ड के रूप में कार्य करता है।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में पीने के पानी की किल्लत, जनता परेशानः खेमचंद सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बुराड़ी** के समाजसेवी खेमचंद सैनी ने बताया कि बुराडी विधानसभा क्षेत्र में पीने के पानी की भारी किल्लत हो रही है, यहाँ तीसरे दिन 2 से तीन घण्टे की सप्लाई की जाती है। लेकिन गर्मी शुरू होते ही पानी आना बंद हो गया है। जिससे लोग हैंडपम्पो का दूषित पानी पीकर जनजनित भयंकर बीमारियों को बुलावा दे रहे हैं। जबकि जल बोर्ड के संबन्धित अधिकारी एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योकि बुराडी विधानसभा के आधे हिस्से में पुस्ता बुराडी पर बने ए-5 यूजीआर से सप्लाई की जाती है और वहां पर 6 ट्यूबेल पानी की सप्लाई के लिये लगाये गए हैं जबकि उनमे से सिर्फ 2 ट्यूबेल ही चालू हैं और 4 ट्यूबेल बन्द पड़े हैं। श्री सैनी ने कहा कि बुराडी में पानी की कमी अधिकारियों के काम ना करने के कारण हो रही है, अधिकारी मस्त हैं जनता त्रस्त है। और विधायक जी पार्टी चला रहे हैं जनता से लगता है उनका कोई लेना-देना नहीं है। अगर सभी पम्प चला दिए जाएं तो बुराडी में पानी की कमी नहीं रहेगी।

### खेमचंद सैनी ने कहा...

- **बुराडी में पानी की कमी अधिकारियों के काम ना करने के कारण हो रही है, अधिकारी मस्त हैं जनता त्रस्त है: सैनी**

# ट्रक में सवार होकर गुरुद्वारा पहुंचे राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला शहर के** गुरूद्वारा मंजी साहिब में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने माथा टेका। चार महीने में राहुल का अंबाला में यह दूसरा बार आना हुआ है। राहुल ने ट्रक को सुबह 5:30 बजे अंबाला सिटी के श्री मंजी साहब गुरुद्वारे पर रुकवाया। इसके बाद उन्होंने कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी बात की। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। कांग्रेस पार्टी ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए बताया है कि भारत की सड़कों पर तकरीबन 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं। इन सभी लोगों की अपनी समस्याएं हैं। ट्रक ड्राइवर्स की मन की बात सुनने का काम राहुल ने किया है। दरअसल, भारी वाहनों और ट्रकों को चलाने वाले इन



ड्राइवर्स को रातभर काम करना पड़ता है। इस दौरान कई परेशानियां होती हैं, जिन्हें जानने के लिए ही राहुल इनके बीच पहुंचे।
उन्होंने लिखा 'यूनिवर्सिटी के छात्रों से, खिलाड़ियों से, सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से, किसानों से, डिलीवरी पार्टनरों से, बस में आम नागरिकों से और अब आधी रात को ट्रक के ड्राइवर से आखिर क्यों मुलाकात कर रहे हैं राहुल गांधी? क्योंकि वो इस देश लोगों की बात सुनना चाहते हैं, उनकी चुनौतियों और परेशानियों को समझना चाहते हैं।'
'उनको ऐसा करते देख एक विश्वास सा झलकता है, कोई तो है जो लोगों के साथ खड़ा है, कोई तो है जो उनके बेहतर कल के लिए किसी भी

**8 इन सभी लोगों की अपनी समस्याएं हैं। ट्रक ड्राइवर्स की मन की बात सुनने का काम राहुल ने किया है।**

तरह की कुबार्नी देने को तैयार है। कोई तो है जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा है। धीरे-धीरे यह एहसास हो रहा है कि यह देश लौट जाना चाहता है मोहब्बत और अमन के रास्ते पर, धीरे से यह देश आखिर चल ही पड़ा है राहुल गांधी के साथ।'
हरियाणा कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि राहुल शिमला में सोनिया से मिलने के लिए पहुंचे हैं। सोनिया इन दिनों शिमला में प्रियंका गांधी के फार्म हाउस में रह रही हैं। कर्नाटक में मुख्यमंत्री बनाए जाने का फैसला भी उन्होंने शिमला में रहते हुए ही किया था। कर्नाटक में चुनावी रैलियों के बाद सोनिया और प्रियंका 12 मई को यहां आ गई थीं। तब से यहीं रुकी हैं। प्रियंका का यह फॉर्म हाउस शिमला से 14 किमी दूर छराबड़ा में है। इसे करीब 7 साल पहले बनाया गया था। तब से गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए गांधी परिवार के मेंबर यहां आते रहते हैं।
वहीं जानकारी देते हुए सदस्य हरपाल सिंह पाली एसजीपीसी ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के मौके पर राहुल गांधी अंबाला शहर के ऐतिहासिक मंजी साहिब गुरुद्वारा पहुंचे और माथा टेका। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के यहां आने की किसी को भी पूर्व सूचना नहीं थी। वहीं अंबाला से राहुल गांधी एक ट्रक में सवार होकर हिमाचल के लिए रवाना हो गए।

# राम नगर में पेयजल आपूर्ति की समस्या का जायजा लेने मौके पर पहुंचे मेयर

## निगम पार्षद नवीन तंवर, पूर्व पार्षद डॉ राकेश नरवाल सहित स्थानीय लोग रहे मौजूद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान सोमवार रात को वार्ड नंबर 17 वेस्ट रामनगर में चल रही पेयजल किल्लत का जायजा लेने पहुंचे। मौके पर पहुंचे मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय लोगों के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी कि वेस्ट राम नगर की गली नंबर 5 से लेकर गली नंबर 9 तक नियमित तौर पर पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है।
समस्या का संज्ञान लेते हुए वो मौके पर पहुंचे हैं।
स्थानीय पार्षद नवीन तंवर ने बताया कि इन गलियों के आखिरी छोर पर बसे लोगों के मकानों में पेयजल आपूर्ति में समस्या आ रही है जिसके चलते लोग काफी परेशान हैं।
लोगों की समस्या सुनने के बाद मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही निगम अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को बुलाया और पेयजल आपूर्ति का समय बढ़ाकर अपने सामने हर घर में पेयजल आपूर्ति करवाई।
साथ ही इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए वेस्ट राम नगर की गली नंबर 5 के सामने और गली नंबर 8 के कोने में एक-एक अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति की वाल्व लगाने के आदेश दिए और रात को अपने आगे ही काम शुरू करवाया।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि अतिरिक्त वाल्व लगाने के बाद सभी गलियों में पानी का समान रूप से बंटवारा किया जाएगा, और हर गली के अंतिम छोर तक बने मकानों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस बाबत उन्होंने निगम अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए हैं, ताकि गर्मी के मौसम में निगम वासियों को पानी की किल्लत का सामना ना करना पड़े।
मौके पर निगम पार्षद नवीन तंवर, पूर्व पार्षद डॉ राकेश नरवाल, शोभराम, जयपाल, सतबीर, नरेंद्र भोला, भलेराम,भोलू वर्मा,रणबीर दहिया,कुलदीप वत्स,नरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर संगतों ने माथा टेका

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में श्री गुरू अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर विभिन्न स्थानों ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। जगह-जगह पर लंगर लगाए गए। अंबाला शहर के गुरूद्वारा श्री मंजी साहिब, बादशाही बाग, पंजोखरा साहिब स्थित अन्य गुरूद्ववारों में भारी संख्या में संगतों ने माथा टेका और मन्नतें मांगी। गुरू के लंगर अटूट बरताए गए। इससे पहले अंबाला शहर में कल शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में संगतों ने भाग लिया। यह नगर कीर्तन देर शाम मंजी साहिब गुरूद्वारे पहुंचा था। एतिहासिक गुरूद्वारा बादशाही बाग में बाबा गुरमीत सिंह कार सेवा पंजोखरा साहिब वाले, भाई जसप्रीत सिंह खुशदिल गुरूद्वारा दुखनिवारण साहिब लुधियाना वाले, भाई हीरा सिंह अंबाला वाले, भाई दविन्द्र सिंह अंबाला वाले, भाई हरप्रीत सिंह पटियाला वाले, ज्ञानी हरजीत सिंह जी कथा वाचक गुरूद्वारा दुखनिवारण साहिब लुधियाना वाले संगतों को कथा कीर्तन से निहाल किया और सिख एतिहास की जानकारी दी।

### पुलिसकर्मी पर हमला करने पर 4 आरोपी पुलिस कस्टडी में

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**महेश नगर** से सिटी थाना में लगाए सुरक्षा एजेंट पर रविवार दोपहर बाद रामनगर में ड्यूटी के दौरान कहासुनी के बाद मारपीट की गई। थाना अम्बाला सिटी में एसए एवं हेड कांस्टेबल अमरजीत सिंह की शिकायत पर आरोपी गुलाटी व अन्य 6 व 7 लड़कों पर केस दर्ज किया गया है। सोमवार को सीआईए-1 ने आरोपी गुलाटी उर्फ सागर, कालीचरण, नार उर्फ राहुल व तामिल निवासी डेहा कॉलोनी अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-1 के मुताबिक आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। एसए ने शिकायत दी थी कि वह कैंट के हरि नगर के रहने वाले अपने जानकार प्रदीप शर्मा के साथ अपनी एक्टिवा पर था। जब वह कालका चौक से राम नगर पहुंचा तो वहां ट्यूबवेल के पास रुका तो वहां एक युवक ने उससे वहां घूमने की वजह पूछी। जब उसने अपना परिचय दिया कि वह पुलिस कर्मचारी है और अपनी ड्यूटी पर है तो इस युवक ने उससे गाली-गलौज की और आवाज लगा कर अपने साथियों को बुला लिया। एक्टिवा और थ्री व्हीलर में 6- 7 लोगों ने उस पर ईंटों से हमला कर दिया। उसका सेमसंग का मोबाइल व एक्टिवा छीन कर भाग निकले।

### नोट बदलने के लिए लोगों को खाने पड़ रहे हैं धक्के

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** के विभिन्न बैकों में 2000 के नोट नहीं बदले गए। इस दौरान लोग बैकों में थे लेकिन बैक कर्मचारियों ने 2000 के नोट लेने से इंकार कर दिया। ऐसे में लोग निराश होकर वापिस लौट गए।वहीं लोगों का यह भी कहना था कि बाजार में भी 2000 के नोटों का चलन बंद हो रहा है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ पैट्रोल पंप संचालक भी 2000 के नोट नहीं ले रहे है।
आरबीआई ने 19 मई को 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेने का ऐलान किया था। इसके तीन बाद यानी आज से देशभर के बैंकों में इस नोट को बदलने की प्रोसेस शुरू हो गई है। लोग बैंकों में अपने नोट बदलने के लिए पहुंच रहे हैं। आरबीआई ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बदलने या अकाउंट में जमा कराने को कहा है।

### इंडियाडोनेट्स ने रोटो पंप्स के साथ गठबंधन किया

**नोएडा।** जूनियर हाई स्कूल, धूम मानिकपुर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन बन गया, जब स्कूल में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की गतिविधियाँ शुरू हुईं। स्कूल के विद्यार्थी पुराने, खराब हो चुके, टूट चुके, गंदे, अस्वच्छ और मैले वॉशरूम का उपयोग करने के लिए मजबूर थे। रोटो पंप्स के सहयोग से इंडियाडोनेट्स ने इन वॉशरूम्स का पुनर्निर्माण करने, उन्हें साफ-सुथरा बनाने और अपग्रेड करके पानी की व्यवस्था करने का दायित्व संभाला है। यहाँ विद्यार्थियों के लिए पानी के नल के साथ नया हैंडवॉशिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इस इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजना का क्रियान्वयन नोएडा-स्थित एनजीओ सैडरैग करेगी। इस कार्य की शुरूआत के लिए उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया, और विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं हाईजीन के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में रोटो पंप्स से श्री कुलदीप तिवारी, डिप्टी मैनेजर, कॉर्पोरेट अफेयर्स और अनुज कुमार, एग्जिक्यूटिव एचआर; इंडियाडोनेट्स की ट्रस्टी, मिस अनुराधा सिंह; तथा सैडरैग में एडवाईजरी बोर्ड के सदस्य, रिटायर्ड मेजर जनरल, प्रवीण कुमार भी मौजूद थे।

# पूजा स्थल पर वार्षिक भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
**हरसाना** गांव में दादा झांझड़िया पूजा स्थल पर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया, इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ शब्द कीर्तन के माध्यम से दादा झांझड़िया की धर्म एवं समाज के प्रति दिए संदेशों का याद किया गया। दूर-सुदूर के शहरों में रहने वाले गांव वासियों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कार्यक्रम में पहुंचकर दादा झांझड़िया के मंदिर में माथा टेका और गांव वासियों को



पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। ग्राम वासियों ने गांव से लेकर दादा झांझड़िया स्थल तक रास्ता बनवाने के लिए भाजपा नेता का आभार व्यक्त किया। राजीव जैन ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन संस्कृति के प्रतीक हैं और इससे युवा पीढ़ी में सामाजिक संस्कार रोपित होते हैं। राजीव जैन ने कहा कि दादा झांझड़िया सैंकड़ों वर्ष पूर्व गांव में वृक्ष के नीचे तपस्या करते हुए मोक्ष गति को प्राप्त हुए थे तभी से सारे गांव में उनकी घर-घर पूजा होती है। गांव वासियों की मान्यता है कि दादा झांझड़िया के आशीर्वाद से ही गांव में खुशहाली, सुख समृद्धि एवं शषांति का वास है। इस अवसर पर मास्टर रणधीर सिंह सरोहा, रघुवर दयाल एडवोकेट, मास्टर चन्द्रभान, जगबीर सिंह, बीर सिंह, रणबीर सिंह, पंडित हर स्वरूप, महेन्द्र मोर प्रधान, रोहताश पटवारी, भागीरथ, मास्टर कर्ण सिंह, रणबीर सिंह, बलजीत एडवोकेट आदि सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# योग संस्थान द्वारा राखीगढ़ी में योग महाकुंभ 28 को

## सामूहिक योगाभ्यास में पूरे हरियाणा प्रांत से जुटेंगे 2,000 से अधिक साधक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**भारतीय** योग संस्थान (पंजीकृत) मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के अखिल भारतीय प्रधान देसराज ने हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की तैयारी में आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं उनके द्वारा अधिकृत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा चयनित 100 संस्थाओं के सहयोग से पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चयनित 100 धरोहर स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से (एक संस्था, एक धरोहर स्थल, एक दिन) प्रतिदिन एक योग उत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसे मानवता के लिए योग का नाम दिया गया है ।
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 24 दिन पूर्व 28 मई को हरियाणा के धरोहर स्थल राखीगढ़ी में सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में यह उत्सव आयोजित करने का सौभाग्य भारतीय योग संस्थान को प्राप्त हुआ है।

# वेतन नहीं दिया तो 29 से काम का होगा बहिष्कार

## नारायणगढ़ में सफाई कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन, प्रशासन को दी चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अप्रैल** महीने का वेतन न मिलने से सफाई कर्मचारी परेशान। समय पर वेतन की मांग को लेकर घर-घर से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों ने रोष प्रकट किया। नगरपालिका प्रशासन व ठेकेदार को 29 मई से काम बंद करने की चेतावनी। डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारी यूनियन सम्बंधित नगरपालिका कर्मचारी संघ व सीआईटीयू की बैठक प्रधान सतीश कुमार की अध्यक्षता में कम्युनिटी हाल में हुई। संचालन यूनियन के सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में 23 मई तक भी अप्रैल महीने का वेतन न मिलने पर नगरपालिका प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। प्रधान व सचिव ने कहा कि इस बारे कई बार सम्बंधित को मिलकर अपील कर चुके है। परंतु वेतन नही मिला। इसलिए यूनियन को मजबूर होकर 29 मई से काम के बहिष्कार का फैसला लेना पड़ा है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने नारायणगढ़ की जनता से भी सहयोग की अपील की है। सीआईटीयू नेता सतीश सेठी व नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान मांगे साहिब ने कहा कि घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए नगरपालिका ने एक प्राइवेट कम्पनी को कूड़ा उठाने का ठेका दिया हुआ है। इसके लिए कम्पनी को हर महीने लाखो रुपए का भुगतान नगरपालिका करती है।
कम्पनी ने इस काम के लिए 40 कर्मचारी लगाए हुए है। जोखिम भरे इस काम के बदले कर्मचारियों को मिलने वाले 12500 रुपए फिक्स भी समय पर नही मिलते। श्रम कानूनों के हिसाब से वेतन हर महीने की 7 तारीख तक मिल जाना चाहिए। परंतु कभी भी समय पर नही मिलता। उन्होंने कहा कि कर्मचारी से पहले काम लिया जाता है उसके बाद वेतन मिलता है। भाजपा की सरकार में हर विभाग का कर्मचारी वेतन समय पर न मिलने से परेशान है।

# किराएदारों को मालिकाना हक देकर सरकार ने लिया अदभुत निर्णय :सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि 20 साल से ज्यादा नगर परिषद की दुकानों के किराएदारों को मालिकाना हक देकर प्रदेश सरकार ने एक अद्भुत और सराहनीय निर्णय लिया है। इस निर्णय से थानेसर के दुकानदारों को दुकानों के मालिक होने का हक मिल चुका है और नियमानुसार ओर दुकानदारों को भी मालिकाना हक देने का कार्य निरंतर चल रहा है। विधायक सुभाष सुधा मंगलवार को सर्किट हाउस में दुकानदारों को मालिकाना हक की रजिस्ट्रियां सौंपने के उपरांत बातचीत कर रहे थे।

# जनसंवाद कार्यक्रम में दिखेंगी ग्रामीण परिवेश की झलक

**नारनौल/संतोष यादव**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल के जनसंवाद कार्यक्रम में परंपरागत व ग्रामीण परिवेश की झलक देखने को मिलेगी। खान-पान से लेकर सारी व्यवस्थाएं पूरी तरह पारंपरिक होंगी। ठेठ हरियाणवी अंदाज में मुख्यमंत्री का ग्रामीणों द्वारा पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री 24 से 26 मई तक 3 विधानसभा क्षेत्रों के 9 गांवों में जन संवाद कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। 24 मई को नांगल चौधरी विधानसभा के गांव बलाह कलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में, निजामपुर में व्यामशाला में व गांव मौसनुता के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जनसंवाद



कार्यक्रम करेंगे। इसी प्रकार 25 मई को नारनौल विधानसभा के गांव ढाणी बाठोठा के ज्ञान केंद्र में, मंडलाना के ज्ञान केंद्र में व गांव सिहमा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 मई को महेंद्रगढ़ विधानसभा के गांव नांगल सिरोही के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में, बवानियां में खेल का मैदान नजदीक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व सतनाली के सामुदायिक केंद्र में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। इन सभी जगहों पर मुख्यमंत्री सहित तमाम मेहमानों के लिए स्टेज पर सोफे व कुर्सियों की बजाए परंपरागत मूढ़ों की व्यवस्था की गई है। गर्मी के सीजन में दक्षिणी हरियाणा की सबसे फेवरेट डिश के रूप में जानी जाने वाली राबड़ी का स्वाद भी मेहमान चखेंगे। कुछ जगह पर ग्रामीणों द्वारा स्टेज पर परंपरागत शैली में टेंट की बजाए छप्पर भी बनाए जा रहे हैं। वहीं मुख्य स्टेज को गाय के गोबर तथा मिट्टी के लेप से सजाया गया है। पेयजल के लिए हर जगह पर पानी के मटके रखवाए जाएंगे।
इसके अलावा संबंधित उस दिन जिन बच्चों का जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मुख्यमंत्री मौके पर स्टेज पर ही उन बच्चों के साथ मनाएंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन ने गांव के सरपंच व बीडीपीओ से सूची लेकर बच्चों को सूचित भी कर दिया है।

# तीन पीढ़ी से भाजपा से जुड़े परिवार के घर पहुंची पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर जनसंवाद कार्यक्रम को ठप्प करने पर उतारू हो गया है यह हम नहीं कह रहे 3 पीढ़ी से भाजपा में जुड़े व्यक्ति का कहना है। पुलिस एवं गुप्तचर विभाग उनके घर जाकर उनको हड़काता है कि हमें इनपुट मिले हैं कि आप मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाना चाहते हैं। कार्यकर्ता के घर पुलिस जाने की पुष्टि प्रदेश प्रवक्ता ने करते हुए इसे निंदनीय बताया। कार्यकर्ता का आरोप है कि है यह सब स्थानीय विधायक के इशारे पर किया गया है।
हरियाणा के मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रमों के नाते विभिन्न जिलों में जा रहे हैं इसी जनसंवाद कार्यक्रम के नाते 24 तारीख से महेंद्रगढ़ जिले के कार्यक्रम आरंभ हो रहे हैं इन कार्यक्रमों का शुभारंभ नांगल चौधरी विधानसभा से हो रहा है । नांगल चौधरी विधानसभा में 3 कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम निजामपुर गांव में रखा गया है। निजामपुर गांव में भाजपा के सुबेदार जगराम भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। अनेक पदों पर वर्षों से काम कर रहे हैं। उनके पिता जीवन भर भारतीय जनता पार्टी के झंडे को लेकर इस इलाके में एकमात्र जाट जाति के व्यक्ति थे। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद सुबेदार जगराम भी पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं की तरह काम करने लगे । अब उनके जवान होते बेटे भी भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करते हैं इस प्रकार 3 पीढ़ी लगातार काम करने वाले परिवार पर रविवार को हरियाणा पुलिस की सीआईडी के जवान गाड़ियों में भरकर गए और उनसे अभद्र भाषा में बातचीत करने लगे कि तुम माननीय मुख्यमंत्री के आने पर काला



झंडा दिखाने वालों में शामिल हो । यह सुनकर सूबेदार जगराम बेहद निराश हताश और उदास है कि जिस पार्टी के लिए तीन पीढ़ियां काम कर रही हैं उसको किस के इशारे से बदनाम किया जा रहा है। और घर पर पुलिस भेजी जा रही है यह बात आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। उन्होंने कहा ?यह निश्चित है कि उनके विधायक के साथ मतभेद हैं लेकिन पार्टी के प्रति वफादारी का सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। इस प्रकार की हल्की हरकत करके पुलिस प्रशासन ने एक समर्पित परिवार को बदनाम करने की कोशिश की है। होना यह चाहिए था की सबसे पुराने कार्यकर्ता के यहां भोजन की व्यवस्था थी।
लेकिन भोजन चाय पानी सम्मान की तो बात दूर उन्हें इस बात के लिए अपमानित किया जा रहा है और ऐसे लोगों की सूची में डाला जा रहा है कि मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाएंगे । इस बेहद शर्मनाक घटना के लिए पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं में भारी निराशा है और घृणित कार्रवाई के लिए जो भी जिम्मेवार व्यक्ति हैं। उन पर कार्रवाई की मांग कर रहे।
इस बारे में जब हम पार्टी के प्रवक्ता सत्यव्रत शास्त्री से बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि सुबेदार जगराम के घर पुलिस जल गया था जो निंदनीय है पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को किसी के इशारे पर बदनाम किया जा रहा है।

# युवाओं को नशा मुक्त बनाकर देश के विकास में दे सकते हैं योगदान : ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा उपक्रम** ब्यूरो के पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने कहा कि हम सबको मिलकर प्रदेश को नशामुक्त बनाना होगा। प्रदेश को नशा मुक्त बनाना हमारा सामुहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाकर हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में ड्राइव अगेंस्ट ड्रग पर एनएसएस व एनसीसी के साथ प्रतिबिंब सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हरियाणा उपक्रम ब्यूरो के पूर्व




वाइस चेयरमैन ललित बत्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, डिप्टी सिविल सर्जन डा.गीता दहिया थी। कार्यक्रम के पैटर्न विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो.सुरेश कुमार थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हरियाणा उपक्रम ब्यूरो के पूर्व वाइस चेयरमैन बत्रा ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होता है यह हमारे शरीर को धीरे-धीरे करके मारता है, नश कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का एक मुख्य कारण हैं इसके सेवन से हमारे शरीर में कई प्रकार की बीमारियाँ अपना घर बना लेती है, जो धीरे-धीरे करके पूरे शरीर को नष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि नशा का सेवन विश्व के सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है। जो दिन-प्रतिदिन भारतीय समाज में बढ़ती जा रही है। नशा मुक्ति अभियान में हम सबको मिलकर अभियान चलाना होगा,तभी हम युवाओं को नशे से दूर रख सकते हैं।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समय समय पर सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य निरंतर करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट व एनएसएस के वालंटियर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगें। सबसे पहले अपने आस पास के युवाओं को नशे के बारे में जागरूक करके अभियान चलाएंगे,ताकि नशे से युवाओं को दूर रखा जा सके। रजिस्ट्रार प्रो.सुरेश कुमार ने कहा कि नशा केवल हमें शारीरिक रूप से ही कमजोर नहीं बनाता,बल्कि यह हमें मनोवैज्ञानिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर बनाता है। उन्होंने कहा कि इसके सेवन से स्वास्थ्य को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचता है। यह शरीर के अंगों, जैसे कि दिल, फेफड़ों, गुर्दे, मस्तिष्क, मुह, गला आदि को क्षतिग्रस्त करता है। जो एक गंभीर बीमारी का रूप है। नशे को फैलने से रोकना हम सबका सामूहिक दायित्व है। धरातल पर परिणाम तभी आएंगे, जब हम सब मिलकर इस मुहिम में शामिल होगें। कार्यक्रम के अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.सुखदीप सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# बाहर आने लगा गुलाबी रंग का नोट...

## व्यापारियों की लौट रही पुरानी उधारी, महिलाएं भी कर रहीं खूब खरीदारी

### व्यापारियों को फायदा

**बाजारों में अचानक से भीड़ बढ़ गई है, क्योंकि लोग दो हजार का नोट लेकर दुकानों पर पहुंच रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दो** हजार के नोट वापस लेने की घोषणा का फायदा व्यापारियों को मिल रहा है। एक तरफ जहां उनका उधार चुकता हो रहा है, वहीं खरीदारी भी बढ़ गई है। इससे दिल्ली के व्यापार में भी उछाल आया है। बाजारों में अचानक से भीड़ बढ़ गई है, क्योंकि लोग दो हजार का नोट लेकर दुकानों पर पहुंच रहे हैं। हालांकि इससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में जरूर कमी दर्ज होगी, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोग कैश डिलीवरी सिस्टम में ही विश्वास कर रहे हैं। महिलाएं जहां अपनी अलमारी से दो हजार का नोट निकालकर खूब खरीदारी कर रही हैं, तो वहीं बच्चों की गुल्लक से भी गुलाबी रंग का नोट बाहर आने लगा है और पीजा-बर्गर, आइसक्रीम की होम डिलिवरी में खर्च होने लगा है। उधर जूलरी बाजार में भी रौनक है, क्योंकि दो हजार के नोट देकर लोग मनपसंद जूलरी की बुकिंग करा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार के नोट को वापस लेने की घोषणा के बाद दिल्ली के बाजारों में काफी हड़बड़ी मची हुई है। हर कोई जिनके पास दो हजार के नोट हैं, वह इनको खपाने की जुगत में जुटा है। जिस भी व्यक्ति के पास दो हजार का नोट है, वह चाहता है कि उसी से वह भुगतान करे, यही कारण है कि बाजारों में ज्यादातर ग्राहक दो हजार का नोट लेकर खरीदारी करने आ रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर भी ज्यादातर लोग दो हजार का नोट लेकर ही भुगतान करने की कोशिश कर रहे हैं।





**रिटेल बाजार में दिख रहा है असर:** रिजर्व बैंक के आदेश का असर रिटेल बाजारों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। करोल बाग, कमला नगर, राजौरी गार्डन, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, साउथ एक्स, सरोजनी नगर, रोहिणी समेत अन्य बाजारों में बड़ी संख्या में 2000 का नोट लेकर लोग पहुंच रहे हैं। पेट्रोलियम डीलर काउंसिल के व्यापारियों का कहना है कि पिछले 3 दिन में पेट्रोल पंप पर ज्यादातर लोग 2000 के नोट से ही भुगतान कर रहे हैं। व्यापारियों का यह भी कहना है कि बहुत सारे लोगों की जो पुरानी उधारी अटकी पड़ी थी, वह भी अब लौट रही है, क्योंकि लोग 2000 के नोट लेकर उधारी चुकाना चाहते हैं।

**बच्चों की गुल्लक भी तोड़ रहे:** व्यापारी मालविका साहनी और जसविंदर कौर का कहना है कि महिलाएं अपनी अलमारियां खंगाल रही हैं, क्योंकि ज्यादातर महिलाएं दो हजार का नोट लेकर ही पहुंच रही हैं। सीटीआई महासचिव रमेश आहूजा ने बताया कि बहुत सारे व्यापारी अपने-अपने घर में बच्चों की गुल्लक भी तोड़ रहे हैं और गुल्लक में भी 2000 के नोट निकल रहे हैं। बच्चों की गुल्लक को इसलिए तोड़ रहे हैं जिससे कि 30 सितंबर से पहले पहले सभी 2000 के नोटों को बदला जा सके। सर्कुलर जारी होने के बाद से शनिवार, रविवार और सोमवार को बाजारों में 2000 के खूब नोट दिखाई दिए। बहुत सारे ग्राहक डिजिटल पेमेंट करने के बजाय 2000 का नोट हाथ में लेकर खरीदारी करते हुए नजर आए।

### नोटबंदी वाली स्थिति नहीं होगी: ट्रेडर्स एसो.

**ट्रेडर्स** एसोसिएशन लाजपत नगर के अध्यक्ष संजीव मदान का कहना है कि नोटबंदी वाली स्थिति नहीं आने वाली है। अभी भी क्रेडिट कार्ड से लोग पेमेंट कर रहे हैं। हां इतना जरूरी है कि कुछ दिन बाद दो हजार के नोट लेकर लोग जरूर आएंगे, क्योंकि सरकार ने व्यापारियों को काफी सहूलियत भी दी है।

### 'आधार और पैन कार्ड की फोटो कॉपी अवश्य लें'

**ऑल** इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने व्यापारियों को सलाह दी है कि ग्राहकों से निसंकोच दो हजार का नोट ले सकते हैं, जो ग्राहक 2000 के नोटों में कैश पेमेंट कर रहा है, 50 हजार से 2 लाख के अंदर तो भुगतान बिल में नाम व पते के साथ हस्ताक्षर करवा लें। आधार और पैन कार्ड की फोटो कॉपी अवश्य लें। बैंक में जमा की गई रसीद कम से कम 5 वर्ष तक संभालकर रखें।

## न्यूज फ्लैश

### विनेश मंथरा हैं: सांसद बृजभूषण

**टीम एक्शन इंडिया/गोंडा**

**भाजपा** सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवान विनेश फोगाट को मंथरा बताया है। उन्होंने कहा कि रामायण में जैसे मंथरा ने कुछ रोल प्ले किया था, कैकेयी ने रोल प्ले किया था, वैसे ही विनेश फोगाट मेरे लिए मंथरा बनकर आई हैं। सिंह ने कहा- पहली बार हजारों पहलवान थे, इस बार तीन पति-तीन पत्नी हैं और सातवां कोई नहीं है। जैसे आज हम मंथरा को धन्यवाद देते हैं, कैकेयी को धन्यवाद देते हैं वैसे हम कुछ दिन बाद विनेश फोगाट को भी धन्यवाद देंगे। जब पूरा परिणाम आ जाएगा। बृजभूषण शरण सिंह ने ये बातें उन्होंने गोंडा में कही हैं। वह 5 जून को अयोध्या में होने वाली महा चेतना रैली की तैयारी के लिए हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। भाजपा सांसद ने कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि एक ऐसा मामला आया है, जिसमें फंसकर कभी डोनाल्ड ट्रंप को भी परेशान होना पड़ा था। मैं कह रहा हूं कि षड्यंत्र आज का नहीं है। यह बहुत दिनों का है, लेकिन कुछ अच्छा होना है। इसको आप जान लीजिए और अच्छे में आपकी जरूरत है। हम कैसे जिंदा हैं, ये ईश्वर ही जाने।

**भूपेंद्र हुड्डा तथाकथित नाबालिग लड़की को लेकर आए:** इसके साथ ही बृजभूषण शरण सिंह ने भूपेंद्र हुड्डा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा- जब रिपोर्ट मिल गई और इनको पता चला कि उसमें कुछ नहीं है, कोई सबूत नहीं है। कोई गवाह नहीं है। दीपेंद्र हुड्डा नहीं, बल्कि भूपेंद्र हुड्डा इस नए षड्यंत्र में शामिल हुए और एक तथाकथित नाबालिग लड़की को ले आए।

### पिस्टल प्वाइंट पर दो लाख 35 हजार छीने

**झज्जर।** मॉडर्न इंडस्ट्रियल एस्टेट (एमआइई) बहादुरगढ़ की एक फैक्ट्री में मंगलवार को फैक्ट्री कर्मचारी से बाइक सवार चार युवकों ने पिस्टल प्वाइंट पर दो लाख 35 हजार रुपये छीन लिए। बदमाशों ने वारदात के दौरान शोर मचाने और किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वारदात करके मौके से फरार हो गए। थाना शहर व एमआइई चौकी पुलिस को वारदात की सूचना मिली तो तुरंत कई जगह नाकाबंदी की, लेकिन आरोपियों का कुछ सुराग नहीं लगा। एमआइई के प्लॉट नंबर 1115 में स्थित फुटवियर फैक्ट्री का कर्मचारी शिवा दो लाख 35 हजार रुपये लेकर बाइक पर सवार होकर प्लॉट नंबर 397 में चल रही दूसरी फैक्टरी के लिए निकला था। वह एमआइई में पावर हाउस के पास एक फैक्ट्री के नजदीक पहुंचा तो दो बाइकों पर सवार होकर आए चार युवकों ने उसे रुकवा लिया। शिवा ने बताया कि युवकों ने उसकी कनपटी पर पिस्तोल लगाकर डराया धमकाया और दो लाख 35 हजार रुपये छीनकर मौके से फरार हो गए। उसने किसी तरह से इसकी सूचना अपने फैक्ट्री संचालक व पुलिस को भी दी। एमआइई चौकी प्रभारी सज्जन सिंह पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे। नाकेबंदी की कई।

# 'राजस्व प्राप्ति के लिए हर माह की जाएगी समीक्षा'



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**

**मुख्यमंत्री ने** कहा कि विभाग राजस्व प्राप्तियों के लिए प्रत्येक माह के लक्ष्य हासिल करके ही वार्षिक लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए हर माह समीक्षा की जाए। विभागों को ऑनलाइन सिस्टम पर और अधिक कार्य करने की जरूरत है। सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजस्व प्राप्ति के सम्बंध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाएं। विभागों को इसके लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जिन क्षेत्रों में अपेक्षा के अनुरूप राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है, इसके कारणों का गहनता से अध्ययन कर उसका उचित समाधान निकाला जाए। पूंजीगत व्यय पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभागों को विभिन्न क्षेत्रों में जो पिछले सालों की रिकवरी करनी है, इस दिशा में ध्यान दिया जाए। खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली के लिए मजबूत ऑनलाइन सिस्टम बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने वन क्षेत्रान्तर्गत के बरसाती नालों को चिन्हित कर चैनलाइज करने की दिशा में ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वन सम्पदाओं के बेहतर उपयोग की दिशा में वन विभाग को और सुनियोजित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। वन सम्पदा के बेहतर उपयोग के लिए क्या नवाचार हो सकते हैं, इस दिशा में कार्य किये जाएं। वन पंचायतों के माध्यम से मेडिसिनल प्लांट के क्षेत्र में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में यूपीसीएल एवं यूजेवीएनल को राजस्व बढ़ाने की जरूरत है।

### निर्देश

**अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाएं: सीएम**

# 'राम मंदिर के निर्माण का पहला चरण 30 दिसंबर तक पूरा होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**रामजन्मभूमि** तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का पहला चरण इस साल 30 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव रह चुके मिश्रा ने कहा कि मंदिर का निर्माण तीन चरणों में हो रहा है और श्रद्धालु पहले चरण का काम पूरा होने के बाद मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भूतल पर अन्य कार्यों के अलावा पहले चरण में पांच मंडप का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि राम मंदिर के पहले चरण का काम 30 दिसंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। पांच मंडपों के निर्माण में करीब 160 खंभे लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें आइकॉनोग्राफी (विजुअल इमेज और सिंबल) का काम पूरा किया जाए। पहले चरण में मंदिर के निचले चबूतरे पर भगवान राम का संक्षिप्त वर्णन शुरू होगा और बिजली व अन्य सुविधाएं पूरी की जाएंगी। ये सभी काम 30 दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि परकोटा (बाहरी परिधि) सहित मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल का काम अगले साल 30 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर मूर्ति की स्थापना की जाएगी और इस साल के अंत तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। संपूर्ण मंदिर कब तक बन कर तैयार होगा, के सवाल पर मिश्रा ने कहा कि मंदिर दिसंबर 2025 तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि चेयरमैन होने के नाते उनकी कोशिश है कि 30 दिसंबर 2023 तक भक्त अपने प्रभु के दर्शन कर सकें।



### निर्माण कार्य जारी

**मंदिर का निर्माण तीन चरणों में हो रहा है और श्रद्धालु पहले चरण का काम पूरा होने के बाद मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे**

### पूर्वोत्तर रेलवे ने ट्रेन अटेंडेंट के लिए ड्रेस कोड में परिवर्तन किया

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**रेल** यात्रा को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे ने ट्रेन अटेंडेंट के लिए ड्रेस कोड में परिवर्तन किया है। वाराणसी मण्डल के बनारस, छपरा एवं मऊ स्टेशनों के कोचिंग डिपो के सभी रेकों में अनुबन्ध के अनुसार नया ऑन बोर्ड लिनेन वितरण (ओ.बी.एल.डी.) शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व यात्रियों को ऑन बोर्ड लिनेन वितरण स्टाफ एवं अन्य सेवायें जैसे ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओ.बी.एच.एस.), वातानुकूलन (ए.सी.) मैकेनिक कर्मियों के बीच पहचान करने में समस्या हो रही थी।

# 'एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 3299 करोड़ की आय दर्ज की'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला 27.05.2023**

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने सूचित किया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 3299 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है। गत उच्चतम राजस्व वित्तीय वर्ष 2014-15 में दर्ज किया गया था जब यह 3256 करोड़ रुपए था। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व में गत वर्ष के 2626 करोड़ रुपए की तुलना में 25.67% की वृद्धि दर्ज हुई है। बोर्ड ने 1.77 रुपए प्रति शेयर (10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर) के लाभांश की भी अनुशंसा की है। नन्द लाल शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर पश्चात लाभ (पीएटी) 1363.45 करोड़ रुपए दर्ज किया है जो गत वित्तीय वर्ष की तुलना में 39.48% अधिक है, जब पीएटी 977.52 करोड़ रुपए था। जबकि एसजेवीएन का नेटवर्थ 13128 करोड़ रुपए से बढ़कर 13822 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें लगभग 694 करोड़ रुपए की वृद्धि है। श्री शर्मा ने कहा कि कर पूर्व लाभ में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1343.44 करोड़ रुपए की तुलना में 28.93% की वृद्धि हुई है जो 1732.13 करोड़ रुपए है। इस अवधि के दौरान प्रति शेयर आय (ईपीएस) भी 34.61% की वृद्धि के साथ 2.60 रुपए से बढ़कर 3.50 रुपए हो गई है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपने महत्वाकांक्षी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। 8240 करोड़ रुपए के साथ, कंपनी ने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित 8,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को पार किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री आर के सिंह के मार्गदर्शन में, एसजेवीएन ने राष्ट्र के आर्थिक और ढांचागत विकास में योगदान करने के लिए यह लक्ष्य हासिल किया है। श्री शर्मा ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विद्युत सीपीएसई में 8,000 करोड़ रुपए का कैपेक्स लक्ष्य तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य था। इस उपलब्धि से और दृढ़ हुए विश्वास और उच्च मनोबल के साथ एसजेवीएन अब वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10,000 करोड़ रुपए के विशाल पूंजीगत व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। वर्तमान में एसजेवीएन अखिल भारत एवं पड़ोसी देश नेपाल में 14 विद्युत परियोजनाओं और 2 ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण कर रहा है। एसजेवीएन ने विद्युत उत्पादन में अपना अनुकरणीय निष्पादन जारी रखा है और गत वर्ष के 9207 मिलियन यूनिट के उत्पादन को पार करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने सभी पावर स्टेशनों से 9283 मिलियन यूनिट का उत्पादन हासिल किया है। नन्द लाल शर्मा ने सभी कर्मचारियों के एकजुट प्रयासों और समर्पण की सराहना की।

### राजस्व में वृद्धि

**गत उच्चतम राजस्व वित्तीय वर्ष 2014-15 में दर्ज किया गया था जब यह 3256 करोड़ रुपए था**




**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही तथा समाप्त वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 49,675 | 32,360 | 293,541 | 242,196 | 50,377 | 32,308 | 293,835 | 241,700 |
| 2. | अपवादात्मक मदों एवं कर से पूर्व लाभ | 24,317 | 1,887 | 176,176 | 136,670 | 25,487 | 2,901 | 176,729 | 138,308 |
| 3. | कर पूर्व लाभ | 23,109 | (439) | 173,213 | 134,344 | 24,279 | 575 | 173,766 | 135,982 |
| 4. | अवधि के लिए कर उपरांत शुद्ध लाभ | 1,361 | (76) | 136,345 | 97,752 | 1,721 | 749 | 135,930 | 98,980 |
| 5. | कर पश्चात कुल व्यापक आय | 1,281 | (82) | 136,143 | 97,589 | 1,640 | 743 | 135,727 | 98,817 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (10/- रुपए प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू) | 392,980 | 392,980 | 392,980 | 392,980 | 392,980 | 392,980 | 392,980 | 392,980 |
| 7. | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर अन्य इक्विटी | 989,217 | 919,881 | 989,217 | 919,881 | 992,974 | 924,054 | 992,974 | 924,054 |
| 8. | नेटवर्थ | 1,382,197 | 1,312,861 | 1,382,197 | 1,312,861 | 1,385,954 | 1,317,034 | 1,385,954 | 1,317,034 |
| 9. | प्रदत्त ऋण पूंजी | 719,936 | 555,612 | 719,936 | 555,612 | 1,407,171 | 692,933 | 1,407,171 | 692,933 |
| 10. | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव से पूर्व) (10/- रुपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं)(रुपए में) | | | | | | | | |
| | - बेसिक एवं डायल्यूटेड | 0.37 | (0.07) | 3.50 | 2.60 | 0.38 | (0.05) | 3.49 | 2.63 |
| 11. | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव के पश्चात) (10/- रुपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं)(रुपए में) | 0.03 | - | 3.47 | 2.49 | 0.04 | 0.02 | 3.46 | 2.52 |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.52 | 0.42 | 0.52 | 0.42 | 1.01 | 0.53 | 1.01 | 0.53 |
| 13. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | 2.41 | 1.59 | 4.05 | 5.26 | 2.68 | 1.69 | 4.22 | 5.31 |
| 14. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | 5.24 | 5.29 | 10.43 | 21.17 | 6.77 | 5.64 | 11.87 | 21.35 |

एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN Limited
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule "A" PSU

CIN : L40101HP1988GOI008409

पंजीकृत कार्यालय : एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला-171006 हि.प्र. (भारत)
समन्वय कार्यालय : एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, टावर-1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली।
फोन : 0177-2660075
फैक्स : 0177-2660071
ई-मेल : investor.relations@sjvn.nic.in
वेबसाइट : www.sjvn.nic.in

नोट: 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप हमारी वेबसाइट http://www.sjvn.nic.in के निवेशक खण्ड तथा बीएसई लि. तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कारपोरेट खण्ड के तहत http://www.bseindia.com तथा http://www.nseindia.com वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

2. निदेशक मंडल ने दिनांक 22-05-2023 को संपन्न हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 0.62 रुपए प्रति शेयर (10/- रुपए प्रति फेस वैल्यू) की अनुशंसा की है। कुल लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) 1.77 रुपए प्रति शेयर है। (गत वर्ष 1.70/- रुपए प्रति शेयर) (10/- रुपए प्रत्येक की फेस वैल्यू पर)

स्थान : शिमला
दिनांक : 22 मई, 2023

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता./-
**(नन्द लाल शर्मा)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डीआईएन: 03495554